'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 32 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए बुधवार, 17 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# कांग्रेस को जम्मू–कश्मीर से धारा–370 हटने की भी है पीड़ा : नायब सैनी

## 25 की 25 सीटें देकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा राजस्थान : नायब सैनी

### हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने राजस्थान के चोमू, आमेर और झुंझनू में की जनसभाएं

**समाचार गेट ब्यूरो**

**दिल्ली/राजस्थान, 16 अप्रैल।** मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राजस्थान भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने राजस्थान के चोमू, आमेर और झुंझनू में पहुंचे। यहां तीनों स्थानों पर अपनी जनसभाओं में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियां गिनाई और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि देश ने कांग्रेस को 55 साल भुगता है। न्याय की बात करने वाली कांग्रेस ने देश के गरीबों, महिलाओं और युवाओं के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस का लक्ष्य डरा कर वोट लेना और समस्याओं को समस्या बनाकर रखना ही है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य देश को सुरक्षित और विकसित करना है। भाजपा प्रत्याशी अविनाश गहलोत, राव राजेंद्र सिंह और शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित श्री सैनी ने कहा कि राजस्थान से एक ही आवाज आ रही है कि 25 बटे 25 सीटें देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र प्रथम को आगे रखते हुए भारत के सम्मान को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मोदी के मजबूत नेतृत्व का कमाल है कि दूसरे देश के राष्ट्राध्यक्ष मोदी से ऑटो ग्राफ लेते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है और यहां के लोग समझ सकते हैं कि कांग्रेस के समय कैसे हमारे जवानों के सिर कलम किए




जाते थे और सरकार चुप रहती थी। बार्डर पर हमारे सैनिकों पर पत्थरबाजी होती थी और कांग्रेस सरकार कुछ नहीं करती थी।

नायब सैनी ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधान सेवक बने। मोदी सरकार ने देश को आतंरिक और बाह्य रूप से मजबूत किया। श्री सैनी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मनों का मुंह तोड़ जवाब दिया गया और अब पत्थरबाज भी दिखाई नहीं देते। सीएम सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा–370 को हटाया जिसकी सबसे ज्यादा पीड़ा कांग्रेस को हुई।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने तो अपने मैनीफेस्टों पर धारा 370 को हटाने पर विचार करने की बात कही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या राहुल गांधी पर देश के लोग विश्वास कर सकते हैं कि राहुल देश को मजबूत बना सकते हैं? उन्होंने कहा कि यह वही राहुल गांधी है जो जेएनयू में भारत का टुकड़ा–टुकड़ा करने वाली गैंग का समर्थन करते हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठ का सहारा लेते हैं। राहुल गांधी ने पिछले चुनावों में अलवर में किसानों को यह कहकर छला था कि कांग्रेस की सरकार आई तो किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। राहुल गांधी की बातों में आकर लोगों ने वोट दी और कांग्रेस की सरकार बनाई, लेकिन कांग्रेस ने कर्जा माफ नहीं किया। भारत जोड़ने की बात कहने वाले राहुल गांधी को अपने अतीत में झांकना चाहिए। देश की 562 रियासतों को सरदार पटेल ने एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया था। एक जम्मू कश्मीर की रियासत बची थी जिसे कांग्रेस ने समस्या बनाकर रखा।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में सड़कों, एक्सप्रेस–वे, हाइवे और रेलवे के मजबूत नेटवर्क से देश को जोड़ा है। योजनाबद्ध तरीके से लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में तेजी से देश का विकास हुआ है। 20–25 सालों से मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे लोगों की समस्याओं का समाधान मोदी सरकार ने किया है।

पेपर लीक मामले में कांग्रेस पर बरसते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में पेपर लीक होने से युवा पीड़ित थे। युवाओं की पीड़ा प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समझी है। पीएम मोदी ने संकल्प पत्र में यह वादा किया है कि अब पेपर लीक करने वालों का स्थान जेल में होगा। लोगों को सचेत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि झूठ का सहारा लेकर वोट मांगने वालों से सतर्क रहना होगा।

नायब सैनी ने कहा कि दो लाख करोड़ रुपये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खातों में डालकर मोदी सरकार ने किसानों का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा बातें कम और काम ज्यादा करने वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि हमें गर्व है कि देश को सैंकड़ों वर्षों के बाद मोदी जैसा नेतृत्व व व्यक्तित्व मिला है। मोदी ने आयुष्मान कार्ड देकर गरीब की चिंता की, किसान सम्मान निधि देकर किसानों की चिंता की, महिलाओं को सशक्त करने का काम किया।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने तो सिर्फ महिलाओं को सब्जबाग दिखाए हैं, काम कुछ नहीं किया। मोदी सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर देश का नेतृत्व करने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता 25 के 25 कमल के फूल को जीताकर मोदी को मजबूत करें और भारत को विकसित बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# लोकसभा चुनाव के लिए जेजेपी की पहली लिस्ट जारी, 5 मजबूत उम्मीदवारों की घोषणा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी ने हरियाणा में अपने उम्मीदवारों की प्रथम सूची जारी कर दी है। मंगलवार को जेजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की स्वीकृति के बाद जेजेपी ने पांच मजबूत प्रत्याशियों की घोषणा की। जेजेपी ने एक विधायक, दो पूर्व विधायक सहित जाने–माने चेहरों को चुनावी मैदान में उतारा है। जेजेपी ने हिसार में विधायक नैना सिंह चौटाला, भिवानी–महेंद्रगढ़ में पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, सिरसा लोकसभा में पूर्व विधायक रमेश खटक, गुड़गांव में मशहूर कलाकार राहुल यादव फाजिलपुरिया और फरीदाबाद में युवा नेता नलिन हुड्डा को टिकट दी हैं। सिरसा लोकसभा से जेजेपी उम्मीदवार रमेश खटक तीन बार विधायक रह चुके हैं। वे साल 1991, 1996 और 2000 में बरोदा से विधायक रहे। फिलहाल रमेश खटक जेजेपी के वरिष्ठ नेता एवं अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हैं। हिसार लोकसभा से उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला प्रमुख जेजेपी नेत्री हैं। वे फिलहाल बाढड़ा विधानसभा से विधायक हैं। इससे पहले वे डबवाली विधानसभा से भी विधायक रह चुकी हैं। नैना चौटाला ने महिलाओं को राजनीति के प्रति जागरूक करने के लक्ष्य से हरी चुनरी चौपाल के सफल कार्यक्रम प्रदेशभर में किए है। नैना चौटाला की मांग पर हरियाणा में महिलाओं को पंचायती संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, राशन डिपो में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलने जैसे अनेक



ऐतिहासिक कार्य हुए है।

भिवानी–महेंद्रगढ़ लोकसभा से जेजेपी प्रत्याशी राव बहादुर सिंह जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की जन आक्रोश यात्रा के दौरान के पुराने साथी रहे हैं। वे 2009 में नांगल चौधरी से विधायक रहे हैं। साल 2014 में राव बहादुर सिंह ने भिवानी–महेन्द्रगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़ा और दूसरे नंबर रहे। गुड़गांव लोकसभा से जेजेपी उम्मीदवार राहुल यादव फाजिलपुरिया बॉलीवुड के जाने माने कलाकार हैं। फाजिलपुरिया गुरुग्राम के एक छोटे से गांव फाजिलपुर झाड़सा से निकल कर बड़े पर्दे पर छाए हैं। वे निरंतर जेजेपी में सक्रिय तौर पर राजनीति कर रहे हैं। फरीदाबाद से जेजेपी उम्मीदवार नलिन हुड्डा फरीदाबाद से जेजेपी के युवा जिला अध्यक्ष हैं। वे फरीदाबाद में कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं।

# हरियाणा कांग्रेस में हुई महत्वपूर्ण नियुक्तियां

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में चौधरी उदयभान द्वारा महत्वपूर्ण नियक्तिया की गई हैं। कांग्रेस नेता राकेश गर्ग को हरियाणा कांग्रेस के केमिस्ट सेल का चेयरमैन बनाया गया, रिटायर्ड आईएएस चंद्र प्रकाश को दस्तकार और शिल्पकार सेल, डॉक्टर राजेश शर्मा को डॉक्टर सेल, अशोक बुवानीवाला को इंडस्ट्रीज सेल, महावीर मलिक को रिटायर्ड गवर्नमेंट एंप्लॉयज सेल, श्री लखन सिंघला को व्यापार मंडल सेल के चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया है। इस दौरान चौधरी उदयभान ने नियुक्त किए गए सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि सभी मिलकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। और सभी लोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव की लड़ाई को मजबूती से लड़ेंगे, ताकि हर वर्ग का शोषण कर रही इस सरकार को सत्ता से बाहर किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग इस सरकार से विमुख



हो चुका है और प्रदेश की जनता इस सरकार की असल सच्चाई जान चुकी है, इसलिए प्रदेश में अबकी बार बदलाव पहले से ही तय है और निश्चित तौर पर देश में भी और प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# सीएम की रैली को सफल बनाने हजारों की संख्या में पहुंचेंगे लोग: बिजेंद्र नेहरा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** 18 अप्रैल वीरवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पृथला विधानसभा क्षेत्र के गदपुरी गांव के पास पहुंचेंगे। यहां वे भाजपा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

चुनावी जनसभा के आयोजक और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र नेहरा ने बताया कि वीरवार सुबह 9.30 बजे मैन मथुरा रोड टोल प्लाजा गदपुरी पर लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में मुख्यमंत्री नायब सैनी की विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे आज मुख्यमंत्री आगमन की तैयारी को लेकर बिजेंदर नेहरा ने अपने शाहपुरा कार्यालय पर ग्रामीणों की बैठक ली और ग्रामीणों से इस रैली में पहुंचने आह्वान किया।




नेहरा ने बताया कि लोगों में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बहुत जोश और उत्साह है हजारो की संख्या में लोग आशीर्वाद देने आयेंगे।






# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संघर्ष की जीत, मुर्दाबाद : कॉमरेड राजेन्द्र सिंह

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** प्राइवेट स्कूलों की बसों को ठीक करवाने के लिए प्रशासन द्वारा मौखिक रूप कथित एक माह की छूट को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने संघर्ष की जीत बताए जाने की कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने कड़े शब्दों में निंदा की है और स्कूल एसोसिएशन के इस बयान को स्कूली बच्चों एवम शिक्षा विरोधी करार दिया है। कॉमरेड सिंह ने कहा कि अलबता मोटर व्हीकल एक्ट की अवेहलना करने वाले और प्राइवेट स्कूलों से संबंधित बसों में बच्चो से संबंधित सुरक्षा नीति में लापरवाही बरतने वालों के लिए कानूनन कही छूट का प्रावधान नहीं है और अगर कथित छूट दी भी गई है तो क्या वह संघर्ष की जीत है ? कोई वैधानिक या न्यायिक अथॉरिटी



कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट

किसी नागरिक, संस्था को उसकी आपराधिक लापरवाही में सुधार करने का एक निश्चित समय दे तो क्या उसे संघर्ष की जीत कहा जायेगा ? प्राइवेट स्कूल एसोसिशन का कार्य प्राइवेट स्कूलों में आने वाले स्कूली बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा का भी ध्यान रखना जरूरी है ना कि केवल अपने आर्थिक लाभ और नुकसान को ही देखना।

कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि प्राइवेट एसोसिशन ने जो संघर्ष से जीत हासिल की है, यह संघर्ष किसके खिलाफ था, क्या यह संघर्ष उन स्कूली बच्चो के खिलाफ था जो अपने 6 सह पाठियो की जान लेने वाली स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ अन्य अपने सहपाठियों की जान की सुरक्षा मांग रहे है और स्कूली बच्चों की सुरक्षा किस कदर दाव पर है। यह और साबित हो गया कि अकेले रेवाड़ी जिला में 550 बसे, जिसका हवाला आरटीए ने दिया है जो कानून की धज्जियां सरेआम सड़को पर उड़ा रही है।

प्रशासन एवम प्रदेश की शिक्षा मंत्री से भी सवाल है कि एक माह की छूट का मतलब यह है कि सड़को पर दौड़ती प्राइवेट स्कूलों की बसों पर कोई मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होंगे और ना ही सरकार की बच्चो की सुरक्षा से संबंधित नीति लागू रहेगी। कॉमरेड सिंह ने कहा कि प्राइवेट एसोसिशन का फर्ज बनता था कि वह आगे आकर कहती कि प्राइवेट स्कूलों के संचालन में जो स्कूल गड़बड़ कर रहे है, उनके खिलाफ कार्रवाई हो परंतु जिला में 550 बसे सही मापदंड पर नहीं होना इस बात को साबित करता है कि प्राइवेट स्कूलों का मकसद मुनाफा है। मुनाफा के आगे गायब होती स्वदेनहीनता समाज के लिए चिंता का विषय बन गई है। प्राइवेट स्कूल एसोसिशन की यही संघर्ष की जीत है तो ऐसी जीत मुर्दाबाद। कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि इस प्राइवेट स्कूल एसोसिशन की जीत बच्चो की सुरक्षा के दाव पर है। सुरक्षित जीवन जीना मौलिक अधिकार है , इसलिए इस मामले को मानव एवम बाल अधिकार आयोग के संज्ञान में भी लाया गया है।

# जिला में स्वीप गतिविधियों के तहत जगह-जगह लगे मतदाता जागरूकता सेल्फी पॉइंट



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के लिए चल रही स्वीप गतिविधियों में आम जनता की भागीदारी दिन-प्रतिदिन और बढ़ती जा रही है। मतदान को लेकर आमजन उत्साहित है। जिला में स्वीप गतिविधियों के तहत जगह-जगह लगे मतदाता जागरूकता सेल्फी पॉइंट, स्टैंडी व प्रचार सामग्री मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों मे स्वीप गतिविधियों के तहत सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आमजन की उपर्स्थिति उत्साहजनक नजर आ रही है। जिला के आम वोटर यह संकल्प ले रहे हैं कि वे 25 मई को अपने बूथ पर वोट डालने जरूर जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव -2024 में इस बार आमजनता रिकॉर्ड मतदान का मन बना चुकी है।

उन्होंने कहा कि बढ़चढक़र मतदान से हम अपना जनप्रतिनिधि चुन कर अपने क्षेत्र का विकास करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला के शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता शपथ व विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करके आमजन को मतदान करने लिए जागरूक किया जा रहा है। रेवाड़ी जिला के सार्वजनिक व मुख्य स्थानों पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बैनर व होर्डिंग लगाए गए हैं। जिला में जगह-जगह लगे आकर्षक सेल्फी प्वाइंट मतदाताओं विशेषकर युवा पीढ़ी व महिलाओं को वोट बनवाने व मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। 18 वर्ष आयु के प्रत्येक योग्य पात्र 26 अप्रैल 2024 तक अपना वोट बनवाकर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता कर सकते हैं।

# रेवाड़ी पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी, दो आरोपी गिरफ्तार

## झगड़ा होने के बाद साथी को बुलाकर की थी की हत्या

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा व थाना कसौला पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए संगवाड़ी के समीप एक अज्ञात युवक की हत्या करके शव को डालने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला बंदायू के गांव करलावाला निवासी नेकपाल और नन्ने खां के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को आगामी पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। जांचकर्ता ने बताया कि गांव लाधुवास गुज्जर निवासी श्यामपत ने 9 अप्रैल को डायल-112 पर सूचना दी की जयपुर-दिल्ली राजमार्ग संख्या-48 के सर्विस रोड पर संगवाड़ी फ्लाईओवर के समीप एक युवक का शव पड़ा हुआ है जिसके हाथ-पैर बंधे हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन उस समय शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। जो बाद में युवक की शिनाख्त उसके परिजनों द्वारा करवाई गई तो युवक की पहचान जम्मू-कश्मीर के जिला कठूआ के वार्ड नंबर-14 निवासी प्रदीप पुत्र संसारचंद्र के रूप में हुई। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा व थाना कसौला पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए सोमवार को मामले में दो



आरोपी यूपी के जिला बंदायू के गांव करलावाला निवासी नेकपाल और नन्ने खां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी नेकपाल ने बताया की वह ड्राइवरी का काम करता है और उसे काम की जरूरत थी जिसके लिए उसने अपने ही गांव के निहाल से संपर्क किया था। निहाल भी ड्राईवरी का काम करता है और उसके साथ ही मृतक प्रदीप भी ड्राईवरी करता था। इसके बाद 4 अप्रैल को वह प्रदीप के पास पहुंच गया जिसके बाद प्रदीप ने उससे कहा कि वह उसे रास्ता दिखा देता है फिर उसको अपनी गाड़ी पर लगवा देगा। इसके बाद वह प्रदीप के साथ महाराष्ट्र के बारामती से टैंपो भरकर गुड़गांव के लिए रवाना हुआ था। रात को ढ़ाबा पर रूकने के बाद वह 6 अप्रैल को जयपुर के लिए चल पड़े और इसी दौरान प्रदीप उसके साथ झगड़ा करने लग गया। जो इस बारे उसने निहाल को बताया। जो निहाल ने उसने अपनी लोकेशन भेजने को कहा और वहीं आने को कहा। इसके बाद 7 अप्रैल की रात को वह नीमराणा में हीरो कम्पनी की ट्रक पार्किंग के पास पहुंच गए थे और इसी दौरान निहाल अपने गांव निवासी ड्राइवर नन्ने खां के साथ कार लेकर वहां पहुंच गए। वहां पर उन्होंने प्रदीप को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना जिसके बाद उन्होंने प्रदीप के गले में डले परने से उसका गला दबा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। 8 अप्रैल की रात को उन्होंने प्रदीप की डेड बॉडी को संगवाड़ी फ्लाईओवर के समीप सीमेंट के ब्लॉक के नीचे छिपा दिया और ट्रक को ढाबा पर खड़ा करके फरार हो गए। जो इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी निहाल को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# सरकार की लापरवाही और अनदेखी से मंडियों में सिर पकडकर बैठा है किसानः कुमारी सैलजा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि स्वयं को किसान हितेषी होने का दावा करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार आज किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन बनी हुई है। किसानों की अनदेखी के चलते वह बर्बादी के कगार पर है। प्रदेश की मंडियों में अनाज बिखरा पड़ा है, और बारिश की चेतावनी के बावजूद, भाजपा सरकार अनाज को सुरक्षित रखने का कोई इंतजाम नहीं कर रही है। यह स्थिति किसानों के लिए न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि उनकी आजीविका पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करती है। प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण, किसानों को अपने अनाज को बर्बाद होते देखना पड़ रहा है। इससे साफ है कि भाजपा केवल और केवल



जुमलेबाजों की सरकार है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक ओर जहां प्रदेश की मंडियों में गेहूं और सरसों की आवक जोरो पर है वहां उनका उठान धीमा होने के चलते मंडियों में फसलों के ढेर लगे हुए। मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद सरकार की नींद नहीं खुली और प्रदेश में वोट वोट चिल्लाते हुए घूम रही है। शनिवार को प्रदेश के कुछ जिलों में बरसात होने से मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं और सरसों भीग गई। इसके बावजूद मंडियों में फसलों के उठान में कोई तेजी नहीं देखी गई। मौसम विभाग से अप्रैल माह में बरसात का अलर्ट जारी किया हुआ है जिसे लेकर किसानों की नींद उड़ी हुई हैं। किसान बार बार उठान में तेजी की मांग कर रहा है पर अधिकारी और सरकार कानों में रूई डालकर बैठे हुए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों में इस समय बारदाने की बड़ी किल्लत है जिसके चलते उठान नहीं हो रहा है जबकि सरकार ने दावा किया था बारदाने की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

कुमारी सैलजा ने कहा है कि चरखी दादरी जिले की मंडियों में करीब 1.90 लाख क्विंटल सरसों अभी तक खरीद केंद्रों में पड़ी है जिसका उठान नहीं हुआ है। भिवानी की मंडियों में साढ़े सात लाख टन सरसों का उठान नहीं हुआ है। सिरसा की मंडियों में अभी तक 67 प्रतिशत सरसों का उठान नहीं हुआ है। हिसार जिला की कुछ मंडियों में शैड की व्यवस्था न होने पर करीब 66 हजार क्विंटल सरसों खुले में रखी हुई है।

सोनीपत और रोहतक में भी ऐसे ही हालात हैं। झज्जर और रेवाड़ी में भी फसलें खुले में पड़ी है वहां पर भी उठान धीमा है तो कई मंडियों में हुआ ही नहीं हैं। करनाल और कैथल में उठान को लेकर सबसे बुरे हालात है, अंबाला में तो उठान ही शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान खून पसीना बहाकर देश के लिए अन्न पैदा करता है, वो अन्न जिसका उचित भाव तक उसे नहीं मिलता।

# प्राइवेट स्कूल की मनमानी के खिलाफ लगातार आवाज उठाएंगे : विधायक नीरज शर्मा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**दिल्ली-चंडीगढ़-फरीदाबाद।** विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि आज हरियाणा के महेंद्रगढ़ में जो बीते दिनों हादसा हुआ है उसने पूरे राज्य के साथ साथ पूरे देश की जनता को झकझोर कर रख दिया है। महेंद्रगढ में घटा स्कूल बस हादसा इस बात की गवाही दे रहा है कि कोई प्राइवेट स्कूल किस कदर लापरवाह हो सकता है जो एक ऐसे ड्राइवर के साथ बच्चों को जाने देता है जो शराब के नशे में धुत्त है।



विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि दरअसल प्राइवेट स्कूलों की ये लापरवाही इनके घमंड का परिणाम है। आज बड़े प्राइवेट स्कूल की लॉबी ऐसी है कि कोई न कोई छोटा बड़ा नेता या अधिकारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन स्कूलों से जुड़ा होता है और उसी नेता और अधिकारी की शय में स्कूल प्रशासन बच्चों से लेकर उनके माता पिता तक के प्रति एक घटिया रवैया अपनाते हैं जिसका परिणाम महेंद्रगढ़ जैसी घटनाओं के रूप में हमारे सामने आता है।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि उनके द्वारा आज से 4 साल पहले ही इस प्राइवेट स्कूल के नेक्सस के खिलाफ हल्ला बोल किया था और उस उस समय ही प्रतिज्ञा खाई थी कि चाहे उन्हें कितनी ही जरूरत क्यों ना हो लेकिन वो अपने किसी भी रैली या कार्यक्रम के लिए स्कूल बस नहीं लेंगे और प्राइवेट स्कूल की मनमानी के खिलाफ लगातार आवाज उठाएंगे। विधायक नीरज शर्मा ने अपना देखिये 4 साल पुराना बयान मीडिया को दिखाया।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि महेंद्रगढ हादसे में अपनी जान गंवाने वाले सभी मासूम बच्चों के माता पिता के साथ इस दुख की घड़ी में हम साथ खड़े हैं और सभी नेताओ को संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम स्कूल के चलाये जा रहे इस नेक्सस के खिलाफ लगातार आवाज उठाएं ताकि भविष्य में फिर से इस हादसे की तरह कोई और हादसा ना हो पाए ।

# गुरुग्राम रेरा कोर्ट ने वाटिका लिमिटेड को दंडित किया

**रेरा कोर्ट के द्वारा ब्याज भी देने का निर्देश दिया गया**

**बीबीए पर हस्ताक्षर किए बिना पूरी राशि स्वीकार की गई**

**प्रमोटर कुल लागत का 10 प्रतिशत से अधिक नहीं ले सकेगा**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरूग्राम की रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) अदालत ने रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा 13 के तहत निर्धारित बिल्डर खरीदार समझौते के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए रियल एस्टेट प्रमोटर वाटिका लिमिटेड को दंडित किया। एसके अरोड़ा द्वारा पारित रेरा कोर्ट का आदेश पांच शिकायतकर्ताओं के लिए बड़ी राहत बनकर आया है। प्राधिकरण वाटिका लिमिटेड की ओर से अधिनियम 2016 की धारा 13 के उल्लंघन को स्थापित करता है और इसके द्वारा प्रत्येक शिकायत में धारा 61 के तहत 1,00,000/- रुपये का जुर्माना लगाता है और इसके अलावा प्रमोटर को पंजीकृत खरीदार के समझौते को निष्पादित करने का निर्देश देता है। आदेश के 30 दिनों के भीतर रियल एस्टेट विनियमन और विकास नियम 2017 में प्रदान किया गया मॉडल समझौता, ऐसा न करने पर प्राधिकरण धारा 63 के तहत दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा, आदेश में कहा गया है। धारा 13 में कहा गया है कि एक प्रमोटर किसी अपार्टमेंट, प्लॉट या भवन की कुल लागत का 10 प्रतिशत से अधिक राशि स्वीकार नहीं करेगा, जैसा भी मामला हो, लिखित समझौते में प्रवेश किए बिना किसी व्यक्ति से अग्रिम भुगतान या आवेदन शुल्क हो सकता है।

ऐसे व्यक्ति के साथ बिक्री के लिए और बिक्री के लिए उक्त समझौते को पंजीकृत करें। आदेश में कहा गया है, जबकि, तत्काल मामले में प्रतिवादी (वाटिका लिमिटेड) ने बीबीए निष्पादित किए बिना 100 प्रतिशत विचार कर लिया है। अदालत ने अपने आदेश दिनांक 23.02.2024 के तहत प्राधिकरण के निर्देशों का पालन न करने के लिए अधिनियम 2016 की धारा 63 के तहत इस आदेश की तारीख से 30 दिनों के भीतर भुगतान करने वाले प्रत्येक



शिकायतकर्ता पर 25000/- रुपये का जुर्माना भी लगाया है। . वाटिका लिमिटेड से कोई वांछित राहत नहीं मिलने के बाद सभी पांच शिकायतकर्ता सह आवंटियों ने अक्टूबर 2022 में न्याय की मांग करते हुए रेरा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

शिकायतकर्ताओं ने 2018 में वाटिका इंडिया नेक्स्ट प्रोजेक्ट में वाणिज्यिक इकाइयां बुक की थीं और बिल्डर खरीदार समझौते (बीबीए) को निष्पादित किए बिना प्रमोटर को पूरा भुगतान किया था। एक साल बाद, वाटिका ने उनकी सहमति के बिना अपनी इकाइयों को सेक्टर 16, गुरुग्राम में एक अलग प्रोजेक्ट वाटिका वन में स्थानांतरित कर दिया और यूनिट के आकार को 1000 वर्ग फुट के मूल आकार से घटाकर 500 वर्ग फुट कर दिया। शिकायतकर्ताओं को बड़ी राहत देते हुए, रेरा अदालत ने वाटिका लिमिटेड को कब्जे की नियत तारीख से लेकर कब्जे के वैध प्रस्ताव तक हर महीने की देरी के लिए निर्धारित दर पर ब्याज का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है।

# अपने वोटर आईडी कार्ड का डिजिटल वर्जन डाउनलोड कर सकते हैं वोटर : डीसी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डिजिटलाइजेशन के बढ़ते दौर में चुनाव आयोग ने भी कई महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु की हुई है।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन से अपना




वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकता है। खास बात यह है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजीलॉकर में अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है। डीसी ने बताया कि जिला के नए वोटर राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल ईसीआई.जीओवी.इन पर विजिट कर यह कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। नए यूजर को पहले इस पोर्टल में अपना नाम रजिस्टर करना होगा। अब ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद ई-ईपीआईसी नंबर या फॉर्म रैफरेंस नंबर को दर्ज करें। अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड का विकल्प सामने होगा।

# सेना प्रमुख जनरल उज्बेकिस्तान की यात्रा पर हुए रवाना

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय थल सेना के प्रमुख, जनरल मनोज पांडे, उज्बेकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य 15 से 18 अप्रैल 2024 तक भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना है।



15 अप्रैल, 2024 को जनरल मनोज पांडे उज्बेकिस्तान के शीर्ष रक्षा नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगे। इस बैठक में उज्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिर कुर्बानोव, प्रथम उप रक्षा मंत्री व चीफ ऑफ द जनरल स्टाफ ऑफ द आर्म्ड फोर्सेज मेजर जनरल खलमुखामेदोव शुखरात गेरेतजानोविच और उप मंत्री व चीफ ऑफ एयर डिफेंस एंड एयर डिफेंस फोर्सेज मेजर जनरल बुर्खानोव अहमद जमालोविच शामिल होंगे। इन वार्ताओं की मजबूत सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अलावा इस यात्रा कार्यक्रम के तहत सशस्त्र बल संग्रहालय और उसके बाद हॉस्ट इमाम एन्सेम्बल का दौरा भी शामिल है, जो उज्बेकिस्तान के समृद्ध सैन्य इतिहास व उपलबधियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

16 अप्रैल, 2024 को थल सेना प्रमुख भारत के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद वे दूसरे विश्व युद्ध में उज्बेकिस्तान के योगदान और बलिदान को स्मरण करते हुए विक्ट्री पार्क का दौरा करेंगे। 16 अप्रैल के कार्यक्रमों में सेंटर फॉर इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज एलएलसी का दौरा शामिल है, जहां सेना प्रमुख को रक्षा प्रौद्योगिकी और नवाचारों में उज्बेकिस्तान की पहलों के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके बाद जनरल मनोज पांडे उज्बेकिस्तान आर्म्ड फोर्सेज अकादमी का दौरा करेंगे और भारत की सहायता से इस अकादमी में आईटी प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे।

17 अप्रैल, 2024 को समरकंद की यात्रा के दौरान जनरल पांडे सेंट्रल मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट के कमांडर से मिलेंगे। यह यात्रा 18 अप्रैल, 2024 को टर्मेज में समाप्त होगी, जहां सेना प्रमुख का भारत और उज्बेकिस्तान के सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त अभ्यास- डस्टलिक को देखने का भी कार्यक्रम है। इसमें दोनों देशों के बीच विकसित अंतर-परिचालनीयता और सौहार्द को रेखांकित किया जाएगा।

सेना प्रमुख उज्बेकिस्तान के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक परिदृश्य का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे। इसके तहत वे टर्मेज संग्रहालय और सुरखंडार्य क्षेत्र के ऐतिहासिक स्मारकों का भी दौरा करेंगे। जनरल मनोज पांडे की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने के अलावा भारत और उज्बेकिस्तान के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना है।

# बीच-बचाव करने गए मिली मौत, घर में पसरा मातम

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** मयूर विहार फेस-1 इलाके में एक झगड़े में, बीच-बचाव करने गए शख्स की छाती पर एक युवक ने कोहनी मार दी, जिससे रहीसुद्दीन उर्फ साजिद (45) दो-तीन सीढ़ियों से नीचे गिरे और बेहोश हो गए। उन्हें एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत करार दिया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या (धारा 304), मारपीट (323) और समान मकसद (34) के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी त्रिलोकपुरी के आफताब उर्फ शाहरुख (22), इसके छोटे भाई जुनैद (21), दोनों के पिता सागीर (42) और एक अन्य दानिश (22) को अरेस्ट किया गया है।



पुलिस के मुताबिक, रहीसुद्दीन (45) उनके परिवार के साथ त्रिलोकपुरी 35-ब्लॉक में रहते थे। उनकी परिवार की परचून की दुकान गली में ही है। फैमिली में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। शुक्रवार रात को गली में रहने वाले शाहरुख उर्फ आफताब और उनके घर के सामने रहने वाले नसीमुद्दीन के बीच झगड़ा हो गया। दोनों परिवारों के बीच मारपीट होने लगी। डेढ़ साल पहले शाहरुख ने नसीमुद्दीन की बहन से शादी कर ली थी। इसके बाद से दोनों परिवारों के बीच झगड़ा होता रहता है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रहीसुद्दीन के शरीर में कोई बाहरी चोट नहीं थी। शुरुआती जांच के बाद पता चला है कि उन्हें दिल की बीमारी थी और उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल काफी हाई था। मौत की वजह का खुलासा पोस्टमॉर्टम और विसरा रिपोर्ट आने के बाद होगा। फिलहाल मृतक की बेटी के बयान पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है।

**बेटी ने सुनाई कहानी**

रहीसुद्दीन की नाबालिग बेटी ने बताया कि उसके पिता झगड़े में बीच-बचाव करने के लिए गए। आरोपी जुनैद को उन्होंने झगड़े से अलग कर दिया। इसके बाद वो अपने घर की दो-तीन सीढ़ियां ऊपर जाकर खड़े हो गए। आरोप है कि जुनैद वहां पहुंचा और रहीसुद्दीन की छाती पर कोहनी मार दी। इससे वो नीचे गिर गए और बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। इस झगड़े में नसीमुद्दीन (18) और साकिब (21) को भी चोट लगी।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हुआ अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में जिला प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन क्लब के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य इस तरह की कार्य शालाओं के आयोजन के पीछे अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता का लक्ष्य यह है कि हमारा विद्यार्थी किसी का जीवन बचाकर किसी के परिवार को बर्बाद होने से बचाकर समाज कल्याण में अपनी भूमिका दर्ज कर सके व पुण्य कमा सकें द्य इस कार्यशाला के सफल आयोजन का श्रेय कॉलेज के महासचिव दिनेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन को जाता है द्य एडिशनल रीजनल फायर ऑफिसर (नोडल अधिकारी जिला फरीदाबाद) सत्यवान समरीवाल ने आग के प्रकारों का विवरण दिया व कहा आग जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन यह कभी कभी जीवन के लिए विनाशकारी भी साबित हो सकती है द्य उन्होंने अग्नि व अन्य सभी प्रकार की समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में सभी



को बताया द्य उन्होंने कहा की अग्नि शमन सप्ताह मनाकर जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, के द्वारा लोगों को जागरुक करके हम 1944 में इंग्लेंड के विक्टोरिया डॉकयार्ड पर शहीद हुए 66 अग्नि शमन दल के कर्मियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं द्य रिटायर्ड फायर सेफ्टी ऑफिसर श्री जगदीश चंद्र गिल जी ने कहां की अग्निशमन की जानकारी व थोड़ी सी सूझ- बूझ से बड़े- बड़े हादसों को टाला जा सकता है द्य रमन अत्री (फायर सेफ्टी इंचार्ज) बल्लबगढ़ ने कहा की आग लगने पर हमें घबराना नहीं है और ठंडे दिमाग से सोचकर सही निर्णय लेना होता है द्य कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ॰ संजीव गुप्ता बताया कि आग के भय से घबराकर हड़बड़ी में ही हम जान और माल की हानि कर लेते हैं जबकि थोड़ी सी सूझबूझ व शांत दिमाग से कार्य करके हम अपने व अपनों के जीवन को बचाया सकते है द्य जिला अग्नि शमन टीम के मेंबर्स ने कार्यशाला के अंत में सभी को आग बुझाने के तरीकों का प्रैक्टिकल भी करके दिखाया।

कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ॰ जयपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन में कहां की हमें चंद पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती वायर और स्विच नहीं खरीदने चाहिएं क्योंकि ये जल्दी आग पकड़ लेते हैं और दुघर्टना का कारण बनते हैं इसलिए हमें हमेशा आई एस आई वायर व स्विच का ही प्रयोग करना चाहिए द्य कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए टीम के सदस्यों डॉ॰ सारिका, डॉ॰ शोभना गोयल, डॉ॰ देवेंद्र, डॉ॰ पूजा सैनी, श्रीमती पूजा, सुभाष, लवकेश और सौरभ गुप्ता का धन्यवाद भी किया।


# सोहना आईएमटी में 40 वर्षों में नहीं बनाया अग्निशमन केंद्र होता है हर साल लाखों का नुकसान

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सोहनाआईएमटीसी रोजका मेव औद्योगिक केंद्रों में बड़ी संख्या में उद्योग लगाए गए। प्रशासन ने यहां उद्योगपतियो की जरूरत के मुताबिक जमीन दी और योजनाओं का लाभ भी दिया। यहां तक की बिजली से लेकर पानी जैसी सुविधाओं को देने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं दीं, लेकिन आग लगने की दुर्घटनाओं को रोकने और आग लगने के दौरान पर्याप्त सुरक्षा देने जैसे अब तक कोई कदम नहीं उठाए। इन औद्योगिक क्षेत्रों के उद्योगपतियों से लेकर व्यापारिक संगठनों ने इन क्षेत्रों में अग्निशमन केंद्र स्थापित करने कई बार मांग उठाई, लेकिन हर बार इनकी मांग को कभी बजट तो कभी योजना न होने के नाम पर अनसुना कर दिया गया। अभी कुछ रोज पहले गोंद की फैक्ट्री में लगी भीषण आग लगने के बाद एक बाद फिर औद्योगिक केंद्रों में अग्निशमन केंद्र बनाने की मांग तेज हो गई है।

इसको लेकर उद्योगपति ने एक बैठक का भी आयोजन किया। बैठक में औद्योगिक केंद्रों में चल रही फैक्ट्री की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है। आग की घटनाओं ने निपटने के लिए केंद्रों में कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। अभी हाल में आग की घटनाओं के बाद फायर स्टेशन की मांग को फिर बल दिया है। इस बार, उद्योगपतियों से लेकर फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों में रोष है। रोजका मेव औद्योगिक संगठनके अध्यक्ष रतनपाल खटाना ने कहा कि 40 वर्ष भी जाने के बाद भी रोजका मेंव औद्योगिक क्षेत्र में जमीन पर्याय होने के पश्चात भी फायर स्टेशन आज तक नहीं लगाया गया। जिसका नुकसान काफी समय से उद्योगपति सहन कर रहे हैं। हर साल लाखो रुपए का नुकसान आग कारण हो जाता है।

पदाधिकारियों ने एक बार फिर इस मांग पर जोर दिया है। उद्योगपतियों की मांग है कि औद्योगिक केंद्र में आग की घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन केंद्र बनाएं जाए। यहां पर बड़ी संख्या में छोटे और बड़े उद्योग लगाए गए हैं, जिनमें आग की घटनाओं ने निपटने के लिए कोई इंतजाम नहीं। यहां से सरकार को बड़ी मात्रा में राजस्व मिलता है, इसके बाद भी सालों से की जा रही इस मांग को आज तक पूरा नहीं किया।






## संपादकीय

# लोकसभा चुनाव में एक नये अध्याय की शुरुआत हो




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है। लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक "द ताओ ऑफ लीडरशिप" राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रू-ब-रू होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता। यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र धुंधलका सब देख रहे हैं, लेकिन खामोशी के साथ। शायद सबकी अपनी-अपनी मजबूरियां हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि आखिर उसे मैदान में डटे उम्मीदवारों में से ही एक को चुनना है। इस देश ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, गरीबी, साम्प्रदायिकता के खिलाफ भी जनता को सड़कों पर उतरते देखा है लेकिन राजनीति में टकराव, अपराध, देश-विरोध और हिंसा की राजनीति के खिलाफ कभी कोई आंदोलन नहीं हुआ। चुनाव आयोग की अपनी सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन जेल में बैठे-बैठे लोग चुनाव लड़ भी लेते हैं और जीत भी जाते हैं। खलनायक नायक बनने लगे हैं। चुनाव लड़ने के लिए अधिकतम खर्च की सीमा सरेआम ध्वस्त होती है, लेकिन आयोग कुछ कर नहीं पाता। चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों का उच्चारण-गालीगलोच खुल्लम-खुल्ला होता है, लेकिन आयोग नोटिस देकर ही अपने दायित्व से मुक्त हो जाता है। मतदाताओं के वोट खरीदने के लिए उन्हें सरेआम पैसे ही नहीं शराब तक बांटी जाती है, लेकिन किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। जनता राजनीति के गिरते स्तर से त्रस्त तो है, लेकिन उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाती। इन लोकसभा चुनाव में यह चुप्पी टूटनी चाहिए और आजादी के अमृतकाल को अमृममय बनाने वाला नेतृत्व सामने आना चाहिए। ऐसा नेतृत्व जो देश को अग्रणी आर्थिक महाशक्ति के रूप में ले जाये एवं विकास की स्वर्णिम गाथा को गढ़े। एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्र सम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ-साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो? उसमें क्या हो, क्या न हो? वह क्या करे, क्यों करे, कब करे, कैसे करे? इत्यादि कुछ जटिल एवं गंभीर प्रश्न हैं जिनके जवाब ढूंढ़े बिना हम एक सक्षम विपक्षी नेतृत्व को उजागर नहीं कर सकते। इन प्रश्नों के उत्तरों की कसौटी पर ही हमें आने वाले सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेतृत्व को कसना होगा। जिस नेतृत्व के पास इन प्रश्नों के उत्तर होंगे, जो समयज्ञ होगा, सहिष्णु होगा, तटस्थ होगा, दूरदर्शी होगा, निःस्वार्थी होगा, वैसा ही नेतृत्व जिस राष्ट्र को प्राप्त होगा, उसकी प्रगति को संसार की कोई शक्ति बाधित नहीं कर सकेगी। ऐसा ही नेतृत्व नया इतिहास बना सकेगा और भावी पीढ़ी को उन्नत दिशाओं की ओर अग्रसर कर सकेगा। आज चुनाव प्रचार में जिस तरह की आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक संस्कृति पनपी है, एक दूसरे पर जूते-चप्पल फेंके जाते है, पत्थर से हमला किया जाता है, छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी और हंगामा आदि घटनाएं ऐसी है जो नेतृत्व को धुंधलाती है। नेतृत्व को लेकर लोगों की मानसिकता में बहुत बदलाव आया है, आज योग्य नेतृत्व की प्यासी परिस्थितियां तो हैं, लेकिन बदकिस्मती से अपेक्षित नेतृत्व नहीं हैं। जलाशय है, जल नहीं है। नगर है, नागरिक नहीं है। भूख है, रोटी नहीं है-ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या नेतृत्व की इस अप्रत्याशित रिक्तता को भरा जा सकता है? क्या राष्ट्र के सामने आज जो भयावह एवं विकट संकट और दुविधा है उससे छुटकारा मिल सकता है? हालही में नेतृत्व के प्रश्न पर एक करारा व्यंग्य पढ़ा था-'देश और ट्रेन में यही अंतर है कि ट्रेन को लापरवाही से नहीं चलाया जा सकता।' यानी देश के संचालन में की गई लापरवाही तो क्षम्य हैं पर ट्रेन के पटरी से उतरने में की गई लापरवाही क्षम्य नहीं, क्योंकि इसके साथ आदमी की जिंदगी का सवाल जुड़ा है। मगर हम यह न भूलें कि देश का नेतृत्व अपने सिद्धांतों और आदर्शों की पटरी से जिस दिन उतर गया तो पूरी इन्सानियत एवं राष्ट्रीयता की बरबादी का सवाल उठ खड़ा होगा। आज देश में लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, नैतिक जीवन-मूल्यों के मानक बदल गये हैं न्याय, कानून और व्यवस्था के उद्देश्य अब नई व्याख्या देने लगे हैं। चरित्र हासिए पर आ गया, सत्ता केन्द्र में आ खड़ी हुई। ऐसे समय में कुर्सी पाने की दौड़ में लोग जिम्मेदारियां नहीं बांटते, चरित्र बांटने लगते हैं और जिस देश का चरित्र बिकाऊ हो जाता है उसकी आत्मा को फिर कैसे जिन्दा रखा जाए, चिन्तनीय प्रश्न उठा खड़ा हुआ है। आज कौन अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार है? कौन नीतियों के प्रति ईमानदार है? इस संदर्भ में आचार्य तुलसी का कथन यथार्थ का उद्घाटन करता है कि "ऐसा लगता है कि राजनीतिज्ञ का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीतिनिपुण व्यक्तित्व से नहीं, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरि महत्व दें, किन्तु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता है।" राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की उम्मीद तो नहीं की जा सकती, पर वे पशुता पर उतर आएं, यह ठीक नहीं है। वर्तमान विपक्षी नेतृत्व की सबसे बड़ी विसंगति और विषमता यह है कि वह परदोषदर्शी है, जो सत्तापक्ष की अच्छाई में भी बुराई देखने वाले हैं। यह नेतृत्व कुटिल है, मायाबी है, नेता नहीं, अभिनेता है, असली पात्र नहीं, विदूषक की भूमिका निभाने वाला है। यह नेतृत्व सत्ता- प्राप्ति के लिये कुछ भी करने से बाज नहीं आता, यहां तक जिस जनता के कंधों पर बैठकर सत्ता तक पहुंचने के लिये जैसी राजनीति यह कर रहा है, घोषणा-पत्रों में जनता को ठगने एवं लुभाने के जो प्रयास हो रहे हैं, वे एक तरह से जनता की पीठ में भी सबसे पहले छुरा भोंकते हुए प्रतीत होते हैं। इससे भी अधिक घातक है इस नेतृत्व का असंयमी, अपराधी और चरित्रहीन होना, जो सत्ता पर काबिज होने के लिये राष्ट्र से भी अधिक महत्व अपने परिवार को देता है। देश से भी अधिक महत्व अपनी जाति और सम्प्रदाय को देता है। चुनाव जीतना जिनके लिये सेवा का साधन नहीं, विलास का साधन है। नेतृत्व का चेहरा साफ-सुथरा बने, इसके लिये अपेक्षित है कि इस क्षेत्र में आने वाले व्यक्तियों के चरित्र का परीक्षण हो। आई-क्यू टेस्ट की तरह करेक्टर टेस्ट की कोई नई प्रविधि प्रयोग में लाई जाये तो यह लोकसभा चुनाव का संग्राम अधिक सार्थक होगा।

# सत्य साई संजीवनी में तीस हजार बच्चों को मिला जीवनदान

**ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** देश में मानव सेवा को समर्पित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल ने 30,000 पूर्णतः निःशुल्क बाल हृदय शल्य चिकित्सा एवं कैथ इंटरवेंसन पूरे करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। अस्पताल ने जुलाई 2012 से अप्रैल 2024 तक देश के विभिन्न प्रान्तों के नवजात शिशु से लेकर किशोर अवस्था के के बच्चों का सफल उपचार कर उनका जीवन बचाने का काम किया है।

भगवान श्री सत्य साईं बाबा की प्रेरणा से देश के रायपुर (छत्तीसगढ़), पलवल (हरयाणा) एवं नवी मुंबई में संचालित श्रीसत्य साईं संजीवानी हॉस्पिटल स्थापित किया गया। जिसमें 23 नवंबर 2012 को नया रायपुर छत्तीसगढ़ में पहला संजीवनी केंद्र खोला गया। वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. संपत कुमार द्वारा रायपुर, छत्तीसगढ़ की बालिका कीर्ति वर्मा का एएसडी बंद करने वाला पहला सर्जरी किया गया। आजमगढ़, उत्तर प्रदेश की 7 वर्षीय सोनाली विश्वकर्मा को जीवन का उपहार नामक सम्मान से सम्मनित किया गया। इस अवसर पर श्री सत्य साईं स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के चेयरमेन डॉ सी श्रीनिवास की मौजूदगी में सम्मनित किया गया। इसी तरह पलवल में भी कार्यक्रम का



आयोजन कर हॉसपिटल में उपचार करा चुके बाल बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मौजूद चेयरमेन डॉ सी श्रीनिवास ने कहा कि संजीवनी अस्पताल द्वारा 30,000 निःशुल्क हार्ट सर्जरी उनके लिए बेहद गौरव की बात है, कैश काउंटर विहीन अस्पताल की सत्य साईं संजीवनी टीम ने हजारों बाल जीवन को बचाकर मानवता की मिशाल कायम की है।उन्होंने इस अद्भुत उपलब्धि का श्रेय श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के ट्रसटियों, श्री सत्य साईं संजीवनी परिवार के समस्त सदस्यों व सबसे महत्वपूर्ण रूप से उन मरीजों के माता-पिता को दिया, जो ट्रस्ट के संजीवनी अस्पतालों में अटूट आस्था और विश्वास के साथ आकर उन्होंने अपने बच्चे का इलाज कराया। डॉ. श्रीनिवास ने यह भी कहा सुदूर इलाकों में पहुँच कर असहाय व जरुरतमन्द लोगों की सेवा करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। उद्देश्य पूर्ण करने के लिए संजीवनी परिवार के सदस्यों को और अधिक मेहनत की आवश्यकता है।

# 20 वर्ष के बाद बुद्धशैली गांव ग्रामीणों को मिला शमशान घाट का सीधा रास्ता



**पंचायत विभाग ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटाकर बनवाई सड़क**

**ड्यूटी मजिस्ट्रेट बीडीपीओ अमित कुमार की देखरेख में की गई कार्यवाही**

**ग्रामीणों को श्मशान घाट, स्कूल एवं जोहड़ के लिए मिला सीधा रास्ता**

**ग्रामीणों ने पंचायत विभाग के सराहनीय कदम की, की प्रशंसा**

**लड्डू बाटकर ग्रामीणों ने जताई खुशी कहा असत्य के आगे सत्य की हुई जीत**

**सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** उपमंडल के गांव बुद्धशैली में पंचायत विभाग द्वारा 20 साल से रुके हुए गली से अवैध कब्जा हटाकर गली का निर्माण कार्य किया गया । और खास बात यह रही कि इसमें किसी का कोई चबूतरा या मकान ,दीवार भी नहीं तोड़ा गया ।इस बारे में जानकारी देते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अमित तक्षक के निर्देशन में भारी पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पंचायत की जमीन पर किए हुए अवैध कब्जे को हटाकर गली का निर्माण किया गया। इस गली के निर्माण से जहां ग्रामीणों को शमशान घाट , राजकीय स्कूल मंदिर एवं जोहड तक जाने का रास्ता सीधा मिल गया है। गांव की सरपंच सुशीला सुंडा ने बताया कि इस रास्ते पर 20 वर्षों से अवैध रूप से कब्जा किया हुआ था। जबकि पहले यहा से जिला परिषद की तरफ से गली बनाई हुई थी ।जिस पर कब्जा किया हुआ था जिसे यहां आवागमन में ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था जिसको लेकर ग्रामीण बार-बार रास्ता बनाने की मांग कर रहे थे ।ग्राम पंचायत द्वारा टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत इस गली का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है ।जिस पर अवैध कब्जे को लेकर पंचायत विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलिस बल के साथ 3 घटे तक चली कार्यवाही से अवैध कब्जे हटाकर गली का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया ।सरपंच सुशील ने बताया पंचायत की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने को लेकर कुछ व्यक्तियों द्वारा गलत रूप से समाचार पत्रों के माध्यम से भ्रामक प्रचार भी किया गया । लेकिन ये जो कार्यवाही मौके पर की गई है इससे पूरे गांव के ग्रामीण खुश है। हकीकत यह है कि गली बनाए जाने पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है । और ग्रामीणों ने लड्डू बाटकर खुशी जाहिर की। सरपंच ने बताया की इस कार्य के लिए पूरे ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत का पूरा सहयोग किया और इस कार्य की प्रशंसा की। ग्रामीण सतपाल मीणा, जयसिंह मीणा ,राजेंद्र सिंह ,सतवीर जांगड़ा, सुनील पंच ,रविंद्र जांगड़ा ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि 20 वर्षों से लगातार इस सड़क के निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे लेकिन यह कार्य सिरे नहीं चढ़ पा रहा था हम पंचायत विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद करते हैं जो गांव को मुख्य मार्ग से अवैध कब्जे हटवाकर गली का निर्माण कार्य शुरू किया है इससे आमजन को आवागमन में आसानी होगी। इस मौके पर एसीपीओ इंद्रपाल सिंह, जेई राकेश, ग्राम सचिव सुरेंद्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे ।

# एंटी नारकोटिक्स सेल होडल पुलिस ने 3 किलो 90 ग्राम गांजा मादक पदार्थ सहित एक तस्कर धरा



**हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी डॉ॰ अंशु सिंगला, आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल होडल पुलिस ने एक तस्कर को गांजा मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया स्टॉफ में तैनात एसआई महाबीर के नेतृत्व में टीम ने नशा गतिविधियों पर रोकथाम अभियान तहत थाना मुङकटी क्षेत्र अंतर्गत तुमसरा मोङ नेशनल हाइवे पर नाका बन्दी कर बाईक सवार बामनी खेङा निवासी एक युवक को मादक पदार्थ गांजा सहित काबु किया। नोडल अफसर श्री कुलदीप सिंह डीएसपी होडल के समक्ष आरोपी की बाईक की पट्रोल की टंकी पर रखे सफेद कटा प्लास्टिक की तलाशी मे नशीला पदार्थ 3 किलो 90 ग्राम गांजा मिला। बरामद मादक पदार्थ एवं मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना मुङकटी में मामला पंजीबद्ध किया गया। आगामी जांच इकाई द्वारा आरोपी से बरामद मादक पदार्थ के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# उद्घोषित अपराधी एवं एक बेल जंपर करार आरोपी पर कसा शिकंजा

**हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉ अंशु सिंगला के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान पी ओ एवं बेल जंपर की धरपकड़ के बारे में चलाया हुआ है इसी अभियान के मद्देनजर हथीन थाना पुलिस ने वर्ष 218/2019 के मारपीट मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी एवं होडल थाना पुलिस ने एक बेल जंपर करार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना हथीन प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल के अनुसार थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम बराये गश्त क्राईम पङताल जयन्ती मोड कस्बा हथीन मौजुद थी कि मुखबर ने सुचना दी की वार्ड न0 12 कस्बा हथीन निवासी युवक थाना हथीन जिला पलवल के मु॰ न0 218/2019 धारा 323,324,427 आईपीसी में माननीय अदालत श्री पवन कुमार एसडीजेएम हथीन की अदालत से दिनांक 30.3.2024 को पी ओ करार किया गया है। जो कस्बा हथीन नियर रेस्ट हाऊस चोक हथीन के पास खड़ा है। सूचना पर टीम ने तुरंत दबिश देकर युवक उपरोक्त को काबू किया। माननीय अदालत के आदेशो की अवहेलना करने पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 ए के तहत एक अन्य मामला दर्ज किया गया। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा। इसके अलावा होडल थाना अंतर्गत चौकी लघु सचिवालय होडल पुलिस ने वर्ष 2011 के लोक संपतति नुकसान अधिनियम के तहत दर्ज मामले में अदालत द्वारा बेल जंपर घोषित अपराधी को काबू करने में सफलता हासिल की है।

# होडल की गाढ़ी पत्ती में दो नंदी महाराज की गल घटना बीमारी के कारण मृत्यु हो गई और भी पशु बीमारी की चपेट में



**हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** आपको बता दे की हर वर्ष गल घोटू की बीमारी आती है पशु इस बीमारी से मृत्यु हो जाती लेकिन सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते है अब यह बीमारी फिर से पशु को अपने आगोश में लेती जा रही है ऐसा ही मामला होडल की गढ़ी पट्टी मै सामने आया है बिजेंद्र सिंह सौरव राष्टीय अध्यक्ष कारण मानव कल्याण को सेवा ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर उनका दाह संस्कार किया नमक धूप दीप कपड़ा वितरण करके उनको मिट्टी में दबाया उसी के कारण मानव कल्याण गौ सेवा ट्रस्ट का सरकार से अनुरोध है की जल्दी से जल्दी वेटरनरी डॉक्टर को सूचना दी जाए जितने भी गांव में आवारा पशु एवं गोवंश गौ माता घूम रहे हैं सभी को टीका तुरंत लगना चाहिए क्योंकि अभी-अभी सूचना मिली दो गोवंश और बीमार हैं परंतु उनको तो डॉक्टर की सहायता से टिका लगवा दिया गया है फिर भी काफी गोवंश है सभी को जल्दी से जल्दी मानव कल्याण गौ सेवा ट्रस्ट का अनुरोध है कि टीकाकरण तुरंत प्रभाव से होना चाहिए। मानव कल्याण गौ सेवा ट्रस्ट गढ़ी पट्टी होडल जिला पलवल हरियाणा सरकार से मांग की है की जल्द पशुओं को टीकाकर्ण होना चाहिए।


समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

## श्री 1008 भगवान महावीर जयंती महोत्सव एवं रथ यात्रा 21 अप्रैल को

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** श्री दिगंबर जैन सभा की ओर से 21 अप्रैल को श्री 1008 भगवान महावीर जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। सभा के अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि रथयात्रा सेक्टर-16 मंदिर से शुरू होकर ओल्ड फरीदाबाद सब्जी मंडी से होकर विभिन्न रास्तों से होती हुई वापस मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान गीत-संगीत के माध्यम से महावीर का गुणगान जाएगा। रथ यात्रा में झाकियां, शहनाई वादक तथा बैंड भी शामिल होंगे। जयंती समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। जबकि विधायक नरेंद्र गुप्ता और सीएम के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ विशिष्ठ अतिथि भाग लेंगे। बीजेपी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा व बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र जैन विशेष आमंत्रित अतिथि होंगे। इस आयोजन में बल्लभगढ़, सेक्टर-37, 88, डबुआ कॉलोनी व सेक्टर-10 की आठ संस्थाएं भी भाग लेंगी।

## सुरक्षित वाहन पॉलिसी के अंतर्गत एसडीएम ने स्कूल संचालकों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** स्कूल बस हादसे के बाद उपमंडल प्रशासन की ओर से तगडी व्यवस्था बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसीी कडी में मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय में बैठक का आयोजन किया जिसमें एसडीएम सुरेंद्र सिंह तथा डीएसपी महेंद्र सिंह ने निजी विद्यालयों के संचालकों व प्रबुधजनों को जागरूक किया। स्कूल संचालकों ने भी सुरक्षा बंदोबस्त पर सुझाव दिए। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि राज्य सरकार की गाइड लाइन के अनुसार स्कूल बसों की स्पीड पचास किमी प्रति घंटा से अधिक नहीं हो तथा भीड भाड वाले स्थानों पर तीस किमी प्रति घंटा होनी चाहिए। बसों में एल्कोंसेंसर व स्पीड गर्वनर लगे हों, स्कूल वाहन का रंग पीला हो तथा आगे एवं पिछे स्कूल वाहन लिखा होना चाहिए। वाहन के अंदर एक अटेंडेंट व एक महिला हैल्पर अवश्य होनी चाहिए। स्कूल वाहन छात्रों को स्कूल संस्थान के अन्दर से ही छात्रों को बैठाना एवं उतरना चाहिए। वाहन चालक के वैध दस्तावेज की फोटो कॉंपी वाहन में रखा होना चाहिए जिसे जांच अधिकारी मांगें तो आसानी से दिखाया जा सके। एसडीएम ने निजि स्कूल संचालकों के सम्मुख आ रही समस्याओं के निदान हेतु भी प्रसासन का हर सहयोग देने का भरोसा दिलवाया।

## कनीना मंडी में आज होगी 12 गांवों के किसानों की सरसों खरीद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** मार्केट कमेटी कनीना की सचिव नकुल यादव ने बताया की कनीना की नई अनाज मंडी मे स्एेट वेयर हॉउस द्वारा 5650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से सरसों की खरीद की जा रही है। जिसे वेयर हॉउस के गोदाम मे रखा गया है। उन्होंने बताया कि आज 17 अप्रैल को 12 गावों कनीना, ककराला, कोटिया, दोंगडा अहीर, गाहडा, ईसराना, कपूरी, करीरा, कलवाडी, सेहलंग, कोका, कोटिया तथा 18 अप्रैल को खेडी, नांगल, पडतल, पाथेडा, रामबास, रसूलपुर, सिहोर, सुदंरह, तलवाना, उन्हाणी के किसानों की सरसों खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा कि कनीना की पुरानी अनाज मंडी मे स्टेट वेयर हॉउस द्वारा गेहूं की खरीद की जा रही है।

## कनीना बस स्टैंड के सामने दुकान के बाहर खडी बाईक चोरी

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना बस स्टैंड के सामने एक दुकान के पास खडी बाईक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस बारे में नवीन कुमार वासी डार्ड 13 ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने अपनी दुकान के पास स्कूटी तथा बाईक को खडा किया हुआ था। 14 अप्रैल को सांय साढे 7 बजे दुकान बंद कर स्कूटी लेकर घर चला गया। वापिस आकर देखा तो बाईक गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात बाईक चोर के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

## ट्रैक्टर-बाईक भिडंत में बाइक चालक की मौत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** भतीजी की शादी के कार्ड देने जा रहे भतीजे का सडक हादसे में निधन हो गया। जिससे विवाह की खुशियां मातम में बदल गई। इस बारे में कपिल शर्मा ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह 17 अप्रैल को आयोजित होने वाली उसकी भतीजी की शादी के लिए अपने भतीजे सचिन कुमार के साथ अलग-अलग बाईक पर सवार होकर शादी के कार्ड वितरित करने जा रहा था,सायं करीब आठ बजे जब वे कोका-रसूलपुर चौक के समीप पंहुचे तो तेज गति से चल रहे एक ट्रैक्टर चालक ने ट्रॉली से उसकी साईड मार दी। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रैक्टर सहित अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। राहगीरों की मदद से घायल को एंबुलेंस के माध्यम से उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कपिल की शिकायत पर हादसे के आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## निजी स्कूल संचालकों के सामने सरकार के आदेश बौने साबित हुए

**दुर्गा अष्टमी के दिन 10 बजे स्कूल खोलने के बजाए रोजमर्रा के समय पर खोले स्कूल**

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** हाल ही में कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी के समीप हुए जीएल स्कूल बस हादसे के बाद शासन-प्रशासन कडे तेवर अपना रहा है वहीं निजी स्कूल संचालक अभी भी सबक नहीं ले रहे हैं। उनकी ओर से सरकार व प्रशासन की सख्ती के बावजूद शिक्षा विभाग के आदेश नजर अंदाज किए जा रहे हैं। विद्यालय शिक्षा निदेशालय,शिक्षा सदन पंचकूला की ओर से 15 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी तथा मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर मंगलवार 16 अप्रैल को दुर्गा अस्टमी के मौके पर स्कूल के समय में बदलाव कर 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक करने के आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद निजी स्कूलों की बसें रोजमर्रा की भांति साढे सात बजे से ही सडकों पर दौड़ पडी। सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाकर विभिन्न गावों से विद्यार्थियों को लेकर स्कूलों में छोडने का क्रम जारी हो गया। जिसे देखकर लगता है कि सरकार व शिक्षा विभाग के आदेश निजी स्कूल संचालकों के सामने बौने साबित हो रहे हैं। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि उनकी ओर से सुबह 10 बजे कनीना-अटेली की ओर निरीक्षण किया गया जिसमें सबकुछ सामान्य मिला। उन्होंने बाद में एसडीएम द्वारा आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। उनकी ओर से किसी भी स्कूल को इस बारे में नोटिस जारी नहीं किया गया है। उनकी नॉलेज में सरकारी आदेशों को दरकिनार कर समय से पूर्व स्कूल खोलना नहीं आया। संज्ञान में आने के बाद कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# शुक्रवार को शोक-संतप्त परिजनों से मिलेंगे ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



**कनीना।** उन्हाणी के समीप घटित स्कूल बस सडक हादसे का शिकार हुए छह बच्चों की अकाल मौत पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.एलसी जोशी शुक्रवार 18 अप्रैल को झाडली तथा धनौंदा जाकर शोक संतप्त परिजनों से मिलेगें। उनके साथ महासभा के सद्स्य एवं गौड सभा के पदाधिकारी भी होगें। उन्होंने हादसे पर चिंता जताते हुए कहा कि सिस्टम में कमी के कारण हादसा घटित हुआ है। जिसमें निर्दोष बच्चों की जान चली गई। सरकारी तंत्र को दुरूस्त करने की जरूरत है। इस हादसे में झाडली के 4 तथा धनौंदा के 2 सहित 6 छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार इन छात्रों को शहीद का दर्जा दे ओर उन्हें मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए।

# स्कूल बस हादसे में मारे गए विद्यार्थियों की आत्मिक शांति के लिए गौशाला में किया गया हवन का आयोजन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



**कनीना।** स्कूल बस हादसे में मारे गए 6 विद्यार्थियों की आतमिक शांति के लिए मंहत लक्ष्मणगिरी गौशाला बूचावास में शांति हवन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंहत विट्ठलगिरी ने की। हवन में दूर दराज से आए श्रधालुओं ने हिस्सा लिया। मंहत विलगिरी ने कहा कि सडक हादसा भयावह था। जिसमें मारे गए विद्यार्थियों की आतमिक शांति तथा घायल हुए विद्यार्थियों की शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की गई। स्कूल बस हादसा त्रासदी से कम नहीं था। इस अवसर पर अमित मदाना रोहतक, विजय भुरथला, नवीन पाथेडा, बलवान सिंह,कृष्णा देवी,ब्रह्मप्रकाश, अतर लाल,पवन कुमार, दीपक यादव, उमेद सोनी, राजेंद्र सिंह,कुंदन लाल,कृष्णा देवी उपर्सथित थे।

# राव दानसिंह तथा श्रुति चौधरी से वरिष्ठ हैं डॉ. एलसी जोशी

**कांग्रेस पार्टी स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से नाम तय नहीं करने पर कार्यकर्ताओं ने जताई चिंता**

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



**कनीना।** भिवानी-महेंद्रगढ लोकसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की ओर से टिकट वितरण को लेकर गहनता से मंथन किया जा रहा है। स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से डॉ. एलसी जोशी, राव दान सिंह व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के नाम पर चर्चा जारी है। ईधर कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से टिकट वितरण में देरी को लेकर चिंता जताई जा रही है। डॉ.एलसी जोशी राता कलां ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी में पिछले लंबे समय से जमें हुए हैं। इसके साथ ही राव दान सिंह तथा श्रुति चौधरी से वरिष्ठ भी हैं। भौगौलिक एवं जातिगत समीकरणों के दृष्टिगत टिकट के लिए भी स्टीक बैठतें हैं।

उन्होंने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता भी उनसे संपर्क साधे हुए हैं। कांग्रेस पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर उनकी ओर से दूसरे दल से भी चुनाव मैदान में आ सकते हैं। उन्होंने मजबूती से चुनाव लडने की बात कही है।

# नूंह डाकघर में करोड़ों की ठगी केस में पत्नी अंशु कालड़ा भी गिरफ्तार, 3 दिन पुलिस रिमांड पर भेजा

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह डाकघर में हुए करोड़ों लोगों की ठगी होने के मामले में लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है। गत 10 अप्रैल को जहां ठगी के मुख्य आरोपी एजेंट पवन कालड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था,तो वहीं अब पुलिस ने उसकी पत्नी अंशु कालड़ा को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अंशु कालड़ा को सोमवार पलवल जिले से गिरफ्तार किया है। अंशु कालड़ा को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस नूंह लेकर पहुंची और फिर कोर्ट में पेश किया।

वहीं कोर्ट ने अंशु कालड़ा को तीन दिन पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। नूंह डाकघर में किए गए घोटाले में दोनों पति पत्नी का हाथ है। पीड़ित लोगों ने बताया कि डाकखाना भारत सरकार की एजेंसी है और उन्होंने इस पर विश्वाास करके ही अपने लाखों रुपए जमा कराये थे, जिनको पवन कालडा व अन्य आरोपियों ने साजबाज होकर फर्जी हस्ताक्षर करके निकालकर गबन किया है।

उन्होंने बताया कि पवन कालड़ा और अंशु कालड़ा के अलावा सहायक सुनील कुमार और डाकखाना अधिकारी-कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया जाए ताकि उनसे रिकवरी कर उनका आर्थिक नुकसान दूर हो सके।

**पति एफडी का एजेंट,तो उसकी पत्नी आरडी की एजेंट**

नूंह डाकघर में पवन कालड़ा एफडी का एजेंट था तो उसकी पत्नी अंशु कालड़ा आरडी की एजेंट थी। इन दोनों एजेंट के द्वारा फर्जी तरीके से लोगों की करोड़ों रुपए की जमापूंजी को निकाला गया था। जब लोगों को भनक लगी तो डाकघर में जाकर जांच पड़ताल की तो फर्जीवाड़े की सच्चाई का पता चला। इसके बाद पवन कालड़ा परिवार सहित फरार हो गया तो पीड़ितों ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गत 10 अप्रैल को आरोपी पवन कालड़ा को गिरफ्तार कर लिया। जिसे पूछताछ के लिए 4 दिन पुलिस रिमांड पर लेने के बाद पवन कालड़ा को सोमवार को फिर से 3 दिन पुलिस रिमांड पर भेजा गया। पूछताछ के बाद पवन की पत्नी अंशु को भी मामले में संलिप्त होने पर गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारी एसआई जुगल किशोर ने कहा कि पुलिस मामले की कार्रवाई में जुटी हुई है। आरोपी पवन कालड़ा की पत्नी अंशु कालड़ा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करते हुए 3 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। मामले में जिसकी भी संलिप्ता पाई गई उसे पुलिस गिरफ्तार करेगी।

**करोड़ो के घोटाले के बाद पुलिस ने किया था केस दर्ज।**

आरोपी पवन कालडा पुत्र हुकम चंद कालड़ा निवासी नूंह सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर लेता था। जिससे लोगों का विश्वास उस पर पूरी तरह से जम गया। रेहड़ी पटरी लगाने, रिक्शा चलाने, चाय बेचने वाले के अलावा गरीब मजदूर, व्यापारी, नौकरीपेशा आदि करने वालों ने पवन कालडा के जरिए अपनी एफडी, आरडी वगैरा बनवाकर खाता खुलवाया हुआ था,लेकिन अब पता चला है कि पवन कालडा ने लोगों के पैसे देने बंद कर दिए हैं और सारा जमा राशि को फर्जी हस्ताक्षर कर निकालकर करोडों का गबन कर लिया है। जब यह बात लोगों तक पहुंची तो सैकड़ों लोगों ने डाकखाना में जाकर अपना रिकार्ड खंगाला तो उनके पैर तले जमीन खिसक गई। डाकघर में उनके खाते तक नहीं खुले पाए गए हैं। जिसके बाद पीड़ित लोगों ने पुलिस में जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत देकर शहर थाना में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने गत 10 अप्रैल को आरोपी पवन कालड़ा को गिरफ्तार किया था।

**4050 करोड़ रुपए की ठगी का अनुमान**

पवन द्वारा करोडों रूपये बटोरकर भागने से उनके सभी सपने टूटने से उनके आगे दुखों का पहाड टूट गया है। बताया जा रहा है लोग करीब 15 वर्षों से पवन के पास पैसा जमा कर रहे थे। जिसमें करीब 2500 लोगों से 40 से 50 करोड़ रुपए ठगी का अनुमान लगाया जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ठगी के शिकार हुए लोगों को उनके पैसे मिलने की उम्मीद जगी है।

## जीएल स्कूल में मंगलवार को दूसरे दिन भी नहीं पंहुचे विद्यार्थी

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** जीएल पर्बलिक स्कूल कनीना में मंगलवार को दूसरे दिन भी ट्रांसपोर्ट सुविधा नहीं होने के चलते कोई भी छात्र स्कूल में नहीं आया। स्कूल में टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफ सहित प्रशासक डीटीपी महावीर प्रसाद उपर्सथित रहे। गांव ही नहीं बल्कि कनीना शहर के अभिभावक भी अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। कुछ अभिभावकों में हादसे से भय बना हुआ तो कुछ बसों के अभाव में स्कूल से किनारा कर रहे हैं। इस बारे में स्कूल प्रशासक महावीर प्रसाद ने बताया कि स्टाफ ने अभिभावकों से संपर्क साधा है। वे अपने बच्चों को स्कूल में भेजने के लिए तैयार हैं लेकिन परिवहन व्यवस्था नहीं होने के चलते विद्यार्थी स्कूल में नहीं आ पा रहे हैं। इस स्कूल में 750 विद्यार्थियों का पंजीकरण है। शिक्षा सत्र के आरंभ होने के बाद कुछ अभिभावकों द्वारा फीस भी अदा नहीं की गई है। इससे पूर्व विद्यार्थी बस और क्रूजर जैसी गाड़ी से स्कूल पंहुचते थे। इन वाहनों की फिटनेस नहीं होने के चलते वे ब्रेक डाउन हैं तथा प्रशासन की निगरानी में है। अभिभावक अपने स्तर पर परिवहन व्यवस्था करने पर विचार कर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि नये शिक्षा सत्र की शुरूआत हुई है ऐसे में विद्यार्थियों पर पढ़ाई का लोड कम है,ऐसे में वे कुछ दिन स्कूल नहीं जाएंगे तो भी अधिक फर्क नहीं पडने वाला। विद्यार्थी घर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने स्कूल की सभी किताबें खरीदी हुई है।

**डीटीओ नारनौल से जारी था लाईसेंस :** स्कूल बस हादसे के मुख्य आरोपी बस चालक धर्मेंद्र निवासी सेहलंग ने पुलिस पूछताछ में कहा कि उसके पास नारनौल अथॉरिटी से जारी किया हुआ हलके व भारी वाहन का लाइसेंस था। पुलिस ने जांच करते हुए इन्हें लाइसेंस अथॉरिटी से रद्द करने की अनुसंशा की है।

## कनीना में ट्राला तथा रोडवेज बस में टक्कर होते बाल-बाल बची



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना में भारी वाहन के बेरोकटोक चलने से सडक हादसों की संभावना बढ रही है। इसी कडी में मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे कनीना से दादरी जा रही रोडवेज की बस तथा ट्राले की भिंडत होते बाल-बाल बच गई। ट्राला चालक बिलडिंग मैटीरियल लेकर महेंद्रगढ से कनीना की ओर जा रहा था जबकि रोडवेज बस यात्रियों को लेकर कनीना बस स्टैंड से दादरी की ओर जा रही थी। एसडीएम कार्यालय के समीप पंहुचे तो ट्राला चालक ने बस की साइड दबा दी,रोडवेज चालक ने बस कंट्रोंल कर ट्राले के समीप रोक दी। जिससे सडक वाहनों के पहिए थम गए। इस दौरान ट्राला चालक व रोडवेज बस चालक के मध्य कहासुनी के साथ हत्थापाई भी हुई। बाद में राहगीरों द्वारा बीच-बचाव कर वाहनों को रवाना किया। पुलिस के आने से पूर्व ही दोनों वाहन वहां से चले गए।

## एनएच 152डी पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी




समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** नारनौल-कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 401वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता नरेंद्र शास्त्री छितरोली ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली की वजह से कट निर्माण कार्य अटका पडा है। संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है।

उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, सतपाल सिंह, विजयपाल, रामकिशन, रणधीर पहलवान, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, लक्ष्मण सिंह,धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबे सिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेर सिंह हाजिर थे।







# फरीदाबाद को विकसित करने में पंजाबी समुदाय का अहम योगदान : कृष्णपाल गुर्जर

## पंजाब समुदाय ने किया भाजपा प्रत्याशी श्री गुर्जर का जोरदार स्वागत




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि फरीदाबाद को विकसित करने में पंजाबी समुदाय का अहम योगदान रहा है, इस समुदाय के लोग मेहनतकश होते है और उनकी मेहनत की बदौलत ही आज फरीदाबाद का डंका देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी बज रहा है। श्री गुर्जर बीती रात्रि सेक्टर-37 स्थित पंजाबी समाज द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य रूप से उनके साथ शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा, भाजयुमो के उपाध्यक्ष करन गोयल आदि मौजूद थे। इस दौरान पंजाबी समाज के गणमान्य लोगों ने श्री गुर्जर का भव्य स्वागत कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर भेजने का संकल्प लिया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जनता अच्छे से जानती है कि भाजपा और मोदी जी ही देश के गरीब, युवा, महिला और किसान का भला कर सकते हैं, इसलिए देश की जनता ने मोदी जी को को मत देने का पक्का मन बना लिया है । हर ओर मोदी की लहर है और जनता के आशीर्वाद के दम पर 400 सीटों पर कमल खिलाएंगे और तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी को गरीब की चिंता है, आज गरीब के चेहरे पर मुस्कान मोदी जी की नीतियों के कारण आई है । देश के विकास पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि चाहे सडक़ों की बात हो, चाहे रेलवे की बात, चाहे एयर कनेक्टिविटी की बात हो, हेल्थ की बात हो, नए एम्स और आई आई टी आई, आई एम, बनाने की बात हो, भाजपा और मोदी जी ने विकास के नए आयामों को छुआ है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद के विकास पुरुष हैं और पिछले 10 वर्षों में फरीदाबाद का विकास करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। फरीदाबाद की जनता भी कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा मतों से जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस मौके पर भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद को विकास के मामले में अव्वल बना दिया है, जो नहरपार क्षेत्र पिछली सरकारों में पिछड़ गया था, आज नए रुप में विकसित हो रहा है और इसका श्रेय केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की दूरगामी सोच को जाता है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की जनता फिर से इस विकास के अध्याय को जारी रखेंगी और भारी मतों से कृष्णपाल गुर्जर को विजयी बनाकर संसद में भेजने का काम करेगी। इस अवसर पर गौतम खन्ना, हेमंत गोगिया, जगन्नाथ खेडा, राजकुमार खन्ना, दीपक गांधी, राजेश अरोड़ा अमृत लाल, निर्देश पुरी, युगल अरोड़ा, विम्मी गोगिया, सीमा पाहुजा, अनिल बगाई, सुभाष सचदेवा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मोदी के नेतृत्व में विश्वभर में सर्व शक्तिमान बना भारत : अजय गौड़

## पृथला रैली में क्षेत्र के कोने-कोने से हजारों लोग करेंगे शिरकत : नयनपाल रावत

## रैली को लेकर विधायक ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक, सौंपी जिम्मेवारियां




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आगामी 18 अप्रैल को पृथला विधानसभा क्षेत्र में गदपुरी टोल के समीप ग्राउंड में आयोजित होने वाली विजय संकल्प रैली को लेकर तैयारियां तेजी से शुरू हो गई। मंगलवार को विधायक नयनपाल रावत ने अपने चंदावली स्थित कार्यालय पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व मौजिज लोगों की बैठक ली और रैली को लेकर उन्हें जिम्मेवारियां सौंपी।

बैठक में मुख्य रूप से फरीदाबाद भाजपा लोकसभा संयोजक अजय गौड़ मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अजय गौड़ ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है, हर कोई एनडीए के 400 पार के आंकड़े को सार्थक करने के प्रयास में जुट गया है। उन्होंने कहा कि दस सालों में जो प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश को दिया है, वह पिछले 70 सालों में कभी नहीं मिला, आज पूरा विश्व भारत को सर्व शक्तिमान मान चुका है। श्री गौड़ ने कहा कि बुधवार को रामनवमी है और 500 साल बाद अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद यह पहली रामनवमी है, जिसको लेकर पूरे देश में उत्सव का माहौल होगा क्योंकि राममंदिर निर्माण का श्रेय भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही जाता है। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले साढ़े चार सालों में पृथला क्षेत्र में विकास का पहिया जोरों पर चला है, लोगों को हरसंभव बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि पृथला क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री जी की रैली ऐतिहासिक होगी और इस रैली को लेकर लोगों में खासा उत्साह है और रैली में समूचे पृथला क्षेत्र के 104 गांवों से पंच-सरपंच और हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को दस लाख से बड़ी जीत दिलवाने के लिए एक साथ हुंकार भरेंगे।

उन्होंने कहा कि रैली में लोगों के आने-जाने, बैठने और पानी इत्यादि की भी व्यवस्था सुचारू रूप से रखी गई है, इसके अलावा वांलटियर जगह-जगह व्यवस्था बनाने में जुटे रहेंगे। बैठक में ब्लाक समिति अध्यक्ष चंद्रपाल, सरोज सैनी सरपंच, नीरज तंवर सरपंच, अजय डागर सरपंच, तुलाराम सरपंच, विष्णु सरपंच, विवेक सैनी सरपंच, गुल्लू सरपंच, अनिल रावत सरपंच, गजेंद्र रावत सरपंच, संजय रावत सरपंच, धर्मवीर सरपंच, रामनिवास नागर, विकल कपासिया, रामकुमार सरपंच, जयप्रकाश वत्स सरपंच, रवि सरपंच, सोमेश ब्लाक मेम्बर, बलदेव तेवतिया, नन्दकिशोर पूर्व सरपंच, दया तंवर ब्लाक मेम्बर, राजू पूर्व सरपंच, बिजेंद्र पूर्व सरपंच सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जीवन के हर पक्ष में भले-बुरे तत्व समाहित हैं : सजन जी



## रामनवमी यज्ञ महोत्सव के द्वितीय दिवस बताई आध्यात्मिक क्रांति के तहत विवेकशील बनने की महत्ता

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सतयुग दर्शन वसुन्धरा में आयोजित राम नवमी यज्ञ महोत्सव के द्वितीय दिवस श्री सजन जी ने उपस्थित सजनों को विवेकशील बनने का आवाहन देते हुए कहा कि परमात्मा की शक्ति कुदरत द्वारा रचित यह जगत प्रकृतिस्थ गुणों यथा (सतोगुण, रजोगुण व तमोगुण) के कारण गुण-दोषमय है यानि जीवन के हर पक्ष में भले-बुरे तत्व समाहित हैं, जिनमें से एक का चुनाव करने हेतु मानव पूरी तरह से बौद्धिक तौर पर स्वतन्त्र है। यहाँ समझने की बात यह है कि इस चयन के विवेकाधारित होने पर ही मनुष्य के उत्थान-उत्कर्ष का कार्य सिद्ध होता है अन्यथा जीवन रूल जाता है। आशय यह है कि एक विवेकी हंस ही इस गुण-दोषमय प्रकृति में रमण करते समय, सर्वत्र विद्यमान नित्य सार तत्व का बोध कर, असार तत्व का त्याग करने में सक्षम हो पाता है और असत-अधर्म का पतनोन्मुख अविचारयुक्त रास्ता छोड़, सत्य-धर्म के विचारयुक्त विजय पथ पर सहजता से प्रशस्त हो पाता है।श्री सजन जी ने सीधे शब्दों में इसका आशय स्पष्ट करते हुए आगे कहा कि एक विवेकशील इंसान ही यह जान पाता है कि देह सहित स्थूल आँखों से दिखाई देने वाले इस नश्वर जगत अर्थात सृष्टि के तमाम पदार्थों की अनेकता सत्य नहीं है क्योंकि उसकी हकीकत में कोई वास्तविक सत्ता नहीं है, केवल भ्रांति अथवा भ्रम मात्र है। वस्तुत: रूप, रंग, रेखा रहित ब्रह्म ही अप्रत्यक्ष व प्रत्यक्ष रूप से इस जगत का अभिन्न कारण व सार तत्व है और यही उसका वास्तविक ब्रह्म स्वरूप है तथा इसके अतिरिक्त और जो कुछ प्रतीत होता है, वह सब असत्य, असार और मिथ्या है। इस तरह सत-असत के विवेक द्वारा वह - मनुष्यता के वाचक यथा संतोष, धैर्य, सच्चाई, धर्म, निष्कामता, परोपकारिता, क्षमा, त्याग, दम, शौच, आत्मसंयम, सदाचार, न्याय, अहिंसा आदि सद्गुणों का वरण करता है और पशु वृतति यथा आहार, निद्रा, भय और मैथुन आदि करने की इच्छा से उबर यथार्थ रूप से मानव कहला पाता है। इस तरह मानवता का उदय तभी होता है जब क्षुद्र भोगवासना व अभिमान युक्त, स्वार्थपर आदि नकारात्मक एवं हिंसक भावों पर विवेक की विजय होती है या जहाँ मन की सारी क्रियाएँ तथा चेष्टाएँ विवेक के आधार पर होती हैं।इस तरह श्री सजन जी ने उपस्थित सजनों को स्पष्ट किया कि जीवन के दो रास्ते हैं। एक अविचारयुक्त अविवेक का मार्ग है, दूसरा विचारयुक्त विवेक सम्पन्न मार्ग है। एक सच-झूठ की परख किए बगैर ही मनमत अनुसार अपनी धारणा निर्मित कर यानि दुर्बुद्धि बन संसार में फँसने का मार्ग है, दूसरा स्थिर बुद्धि द्वारा संसार से छूटने का मार्ग है। एक कवलड़ा यानि कठिनाईयों व ठोकरों भरा रास्ता है, दूसरा सवलड़ा व सुखदायक विजय पथ है। एक क्रिया कारक और भूल का मार्ग है जो सीधा नरकों की ओर जाता है और दूसरा स्वत: सिद्ध निज परमात्म स्वरूप के यथार्थ ज्ञान का मार्ग है, जो सीधा परमधाम की ओर जाता है।

# श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर में शिक्षा मंत्री सीमा तिरखा ने लगाई मां के दरबार में हाजिरी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्रों के आठवें दिन मां महागौरी की भव्य पूजा अर्चना की गई। प्रातकालीन आरती व हवन यज्ञ में माता के समक्ष पूजा अर्चना कर भक्तों ने अपनी हाजिरी लगाई। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने हवन यज्ञ का शुभारंभ करवाया और भक्तों को नवरात्रों की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर हरियाणा की शिक्षा राज्य मंत्री सीमा त्रिखा ने मां के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई और पूजा अर्चना में शामिल होकर मां महागौरी का आशीर्वाद लिया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने श्रीमती तिरखा को स्मृति चिन्ह भेट किया और मां की चुनरी पहनाई एवं प्रसाद भेंट किया।

इस अवसर पर श्री भाटिया ने भक्तों को मां महागौरी की महिमा से अवगत कराया. मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि नवरात्रों के अवसर पर माता रानी से श्रद्धालु जो भी मुराद मांगते हैं वह अवश्य पूर्ण होती है इसलिए वह भी देश और प्रदेश की अमन शांति के लिए विशेष तौर पर महारानी वैष्णो देवी मंदिर में माता से प्रार्थना करने आई है। इस अवसर पर प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि 15 अप्रैल सोमवार को रात्रि 8:00 बजे मंदिर संस्थान में माता की भव्य चौकी का आयोजन किया जाएगा. स्वामी बुद्धिराजा माता का गुणगान करेंगे. इस अवसर पर समाजसेवी राज मदान ने भी माता के दरबार में शीश नवाकर आशीर्वाद ग्रहण किया. इस अवसर पर श्री भाटिया ने बताया कि नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। नाम से प्रकट है कि इनका रूप पूर्णत: गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बाँये हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करनअष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। 4 भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है इनको। ये अमोघ फलदायिनी हैं और इनकी पूजा से भक्तों के तमाम कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं। महागौरी का पूजन-अर्चन, उपासना-आराधना कल्याणकारी है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं। उन्होंने भक्तों से प्रार्थना की जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से माता महागौरी की पूजा कर और अपनी इच्छा मांगता है वह अवश्य पूर्ण होती है।

# सबका साथ-सबका सम्मान यही जीवन का आधार : राजेश भाटिया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1 तथा ब्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया का जन्मदिवस आज मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के गणमान्य लोगों ने फूलों के गुलदस्ते, केक काटकर व मिठाईयां खिलाकर श्री भाटिया का जन्मदिवस मनाया और उनकी दीर्घायु की कामना की। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में राजेश भाटिया को बधाईयां देने वालों का तांता लग गया, जैसे जैसे दिन चढ़ता गया, लोगों की तादाद भी बढ़ती गई, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, दुकानदार, व्यापारी, राजनैतिक दलों के लोग बडी संख्या में राजेश भाटिया को बधाई देने पहुंचे। इससे पूर्व राजेश भाटिया ने सुबह मंदिर में पूजा अर्चना की और महामाई का गुणगान करके आर्शीवाद लिया।

इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए राजेश भाटिया ने कहा कि उनके जीवन का आधार यह है कि सबका साथ और सबका विकास हो, इसी नीति के तहत वह कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज लोगों के प्यार और आर्शीवाद की बदौलत ही इस मुकाम पर है और मंदिर समिति, ब्यापार मंडल सहित अनेकों सामाजिक व राजनैतिक पदों पर आसीन है।

उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने का जहां उन्हें अवसर मिलता है, हमेशा तैयार रहते है। उन्होंने कहा कि वह निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते है, जो भी लोग उनके पास आते है, वह पूरी तरह से उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत रहते है। जन्मदिवस पर लोगों के मिले प्यार व सम्मान के लिए उन्होंने लोगों का दिल से शुक्रिया किया।

इस शुभ अवसर पर कांग्रेस नेता विजय प्रताप, अनीश पाल, बंसीलाल कुकरेजा, सीमा सितोरिया, संजीव ग्रोवर, राहुल झा, इंद्र चावला, श्याम बांगा, दीपक भाटिया, कैलाश गुगलानी, राजू भाटिया, दर्शन लाल कुकरेजा, रजनीश ढींगरा, तिलक भाटिया, सुभाष चंद्र भाटिया, राधेश्याम भाटिया, सोमनाथ ग्रोवर, राजेश आहूजा, सरदार मनीष सिंह, राधिका बहल, लोचन भाटिया, जे.के. भाटिया, अनुराग गर्ग, अमर बजाज, असगर सरपंच, सनी चावला, सत्येंद्र दुग्गल, हरीश भाटिया, नीरज भाटिया, सुनील दत्त तंवर, रवि कपूर, कुलदीप गुलाटी, अनिल अरोड़ा, किशन खन्ना, जनक भाटिया, रजनी खन्ना, शैला कपूर, अजय शर्मा, भव्य मलिक, भरत कपूर, सचिन भाटिया, जानवी भाटिया, व अन्य अतिथिगण शामिल रहे।

# जिंदल स्टेनलेस ने नेट जीरो के लिए विज्ञान पर आधारित लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई

**समाचार गेट ब्यूरो**

**हिसार।** जिंदल स्टेनलेस ने कार्बन उत्सर्जन मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निकट भविष्य में विज्ञान पर आधारित उत्सर्जन कटौती और उन नेट ज़ीरो लक्ष्यों के लिए अपनी आधिकारिक प्रतिबद्धता की आज घोषणा की, जिनका जलवायु गतिविधियों से संबंधित वैश्विक संस्था साइंस बेस्ड टारगेट इनीशिएटिव (एसटीबीआई) ने उल्लेख किया है। इस घटनाक्रम के बाद जिंदल स्टेनलेस देश में स्टेनलेस स्टील और इस्पात क्षेत्र में ऐसा करने का इरादा रखने वाली सबसे बड़ी कंपनी बन गई है।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेश श्री अभ्युदय जिंदल ने घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम निम्न कार्बन उत्सर्जन पर आधारित अर्थव्यवस्था कायम करने के लिए काम कर रहे हैं, ऐसे में यह प्रतिबद्धता काफी महत्वपूर्ण है और महत्वाकांक्षी, विज्ञान आधारित उत्सर्जन कटौती लक्ष्य तय करने की एक कठोर प्रक्रिया की शुरुआत की प्रतीक है। कंपनी का लक्ष्य एसबीटीआई के मानकों के अनुरूप अपने कार्बन उत्सर्जन को महत्वपूर्ण रूप से कम करना और उद्योग को सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर, मुख्य स्थिरता अधिकारी श्री कल्याण भट्टाचार्य ने कहा कि इन लक्ष्यों में कंपनी के संचालन और संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जीएचजी (ग्रीनहाउस गैस) का व्यापक मूल्यांकन शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, हम अगले 24 महीनों में पेरिस समझौते - ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेलसियस तक सीमित करने - के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक समझे जाने वाले नवीनतम जलवायु विज्ञान के अनुरूप विज्ञान आधारित लक्ष्य (एसबीटी) तय करेंगे और उन्हें एसबीटीआई से मान्यता दिलाएंगे।

जिंदल स्टेनलेस ने हाल के महीनों में अपनी कार्बन उत्सर्जन मुक्त रणनीति के तहत कई कदम उठाए हैं। कंपनी ने ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र की स्थापना से लेकर 300 मेगावाट हाइब्रिड ऊर्जा परियोजना के लिए अनुबंध करते हुए 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्बन उत्सर्जन मुक्ति के अपने प्रयासों को रणनीतिक रूप से सरेखित किया है। कंपनी ने प्रतिष्ठित सीओपी28 जलवायु शिखर सम्मेलन में कहा कि वह 2035 के लक्ष्य वर्ष से पहले कार्बन उत्सर्जन में 50% कटौती के अपने मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने और 2050 तक नेट जीरो हासिल करने के लिए तैयार है। कंपनी की योजना उन पहलों के माध्यम से प्रति वर्ष 1.9 अरब यूनिट से अधिक स्वच्छ ऊर्जा पैदा की भी है, जिनमें प्रति वर्ष 13.52 लाख टन से ज्यादा कार्बन उत्सर्जन कटौती की क्षमता है।

नेट-ज़ीरो लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रतिबद्धता जताकर कंपनी 'रेस टू जीरो' अभियान का भी हिस्सा बन गई है। संयुक्त राष्ट्र समर्थित इस अभियान का उद्देश्य एक स्वस्थ, लचीले और जीरो कार्बन रिकवरी कार्यक्रम के लिए कंपनियों, शहरों, क्षेत्रों, वित्तीय, शैक्षिक व स्वास्थ्य संस्थानों जैसे गैर-सरकारी हितधारकों का नेतृत्व जुटाना है।

## सभी बीएलओ को दे क्यू मैनेजमेंट एप का प्रशिक्षण : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना योगदान अवश्य करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी उपायुक्तों के साथ आदर्श संहिता संहिता को लेकर बैठक की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा की जिला में सभी बीएलओ को क्यू मैनेजमेंट एप की ट्रेनिंग अच्छे से दी जाए और किसी भी प्रकार की नजरंदाजगी की गुंजाइश नहीं है। 2024 लोक सभा इलेक्शन हमे सबको मिलके सफल बनाना है और कहा की सभी नोडल अधिकारियों को 25 मई तक अपनी अपनी नियुक्त ड्यूटी व जिम्मेदारियों का कुशलता से निर्वहन करना है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एडीसी आनन्द शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अनतिल, एसडीएम बल्लबगढ त्रिलोक चंद, सीटीएम अंकित कुमार, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत, मोदी की गारंटी वेन पहुंची नूँह, चौधरी जाकिर हुसैन ने कार्यकर्ताओं के साथ किया स्वागत

## फिर एक बार–मोदी सरकार व अबकी बार 400 पार के नारों का लिया संकल्प

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मंगलवार को विकसित भारत – मोदी की गारंटी वेन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नूंह निवास पर पहुंची। इस अवसर पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नसीमा हुसैन एडवोकेट ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का झंडा दिखाकर स्वागत किया और आगे के लिए रवाना किया। यह गारंटी वेन देश के हर विधानसभा में पहुंचेगी तथा सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराएगी।



इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉश्र सुरेश बघेल, मास्टर सुभाष चंद, नसीर एडवोकेट, मोहम्मद अली सुडाका, तौफिक टपकन, मुबीन रोजकामेव, जानु चंदेनी,वाजिद अली निजामपुर, हाकम छावा, जमालु बाई, सद्दा उर्फ शाहिद टपकन, लियाकत रेहना आदि मौजूद रहे। भाजपा के दिग्गज नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी के जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाए तथा एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर मोदी की गारंटी वेन का स्वागत किया। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि देश के लोगों ने संकल्प ले रखा है कि फिर एक बार – मोदी सरकार व अबकी बार 400 पार के नारों को चरितार्थ करके दिखाना है। लोगों में भाजपा व नरेन्द्र मोदी के प्रति भारी जोश व उत्साह है। इस बार नूँह जिले की तीनों विधानसभाओं से भाजपा भारी मतों से विजयी होगी तथा पार्टी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की देश में सबसे बड़ी जीत होगी।

# नूंह पुलिस ने बलात्कार की पीड़ित महिला को शिकायत देने के बाद भी जख्मी हालत में भटकता हुआ छोड़ा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सेवा, सुरक्षा और सहयोग का दावा करने वाली नूंह पुलिस ने बलात्कार की पीड़ित महिला को शिकायत देने के बाद भी जख्मी हालत में भटकता हुआ छोड़ा। जब महिला मैडिकल उपचार के लिए नूंह के सरकारी अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने बगैर पुलिस के उपचार करने से मना कर दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि वो नूंह जिले के रोजका मेव थाने के अंतर्गत एक गांव से है ।जहां पर बीती रात करीब आठ बजे वो अपने गांव में किसी काम से जा रही थी तभी उसी के गांव के एक युवक कौशल ने उसको जबरदस्ती पकड़कर अपने घर में खींच लिया और उसके साथ बलात्कार करने लगा और जब उसने युवक का विरोध किया तो उसने उसको बुरी तरह मारा पीटा और किसी को न बताने की धमकी दी।



पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति अपाहिज है और उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने उसके साथ गलत काम करते हुए उसे रात को काफी देर बाद अपने घर से जाने दिया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने सुबह होते ही रोजका मेव थाने में शिकायत दी और शिकायत में बताया कि गांव के ही युवक ने उनके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया है। रोजका मेव थाने में महिला द्वारा शिकायत देने के बावजूद रोजका मेव पुलिस ने महिला को मेडिकल उपचार के लिए अकेला ही जख्मी हालत में नूंह के सरकारी अस्पताल में जाने के लिए बोल दिया। जब महिला अपना मेडिकल उपचार कराने के लिए नूंह के सरकारी अस्पताल में पहुंची तो, वहां पर डॉक्टरों ने महिला को अपने साथ पुलिस लाने के लिए कहते हुए उसका मेडिकल उपचार करने से मना कर दिया। जिससे पीड़ित महिला जख्मी हालत में सरकारी अस्पताल के बाहर जमीन पर ही लेट कर करहाती रही। वहां पर मौजूद किसी व्यक्ति ने जब पीड़ित महिला के बारे में डायल 112 पर काल कर जानकारी दी तो, डायल 112 पीड़ित महिला के लिए फरिश्ता बनकर आई। जहां पर डायल 112 पुलिस ने महिला को सबसे पहले अस्पताल के अंदर ले जाकर उसको उपचार के लिए दाखिल कराया।

इसके बाद डायल 112 के इंचार्ज एएसआई आस मोहम्मद ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी। एएसआई आस मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने कंट्रोल रूम और रोजका मेव थाने में भी इसकी जानकारी दी है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि महिला के साथ बलात्कार का मामला हुआ है जिसकी महिला ने रोजका मेव थाने में शिकायत दी थी।

डायल 112 के इंचार्ज ने बताया कि इस पीड़ित महिला के मामले की शिकायत रोजका मेव थाने की आईओ एएसआई सरिता के पास है। जिसे महिला के साथ मेडिकल उपचार के लिए साथ आना चाहिए था, लेकिन अब आईओ सरिता से बात हुई है और उनका कहना है कि वो जल्द ही मुकदमा दर्ज कर अस्पताल पहुंच रहीं हैं। जब अस्पताल में इस वारदात को वहां पर मौजूद लोगों ने देखा तो सभी ने डायल 112 गाड़ी पर तैनात सभी स्टाफ की सराहना की। अब देखना यह है कि डायल 112 की कार्रवाई के बाद इस पीड़ित महिला को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# 2014-2019 के वायदे को जुमला कह 2024 के बीजेपी संकल्प पत्र की कोई विश्वसनीयता नहीं : आफताब अहमद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता व नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने भाजपा के घोषणा पत्र पर निशाना साधा है। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा तो अभी पूरा नहीं किया तो अब नए वायदे क्या ही पूरे करेगी। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार ने कभी भी कोई वादा पूरा नहीं किया है और न ही ये भविष्य में करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 10 वर्षों में क्या किया है, इसकी समीक्षा होनी चाहिए। सीएलपी उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि क्या भाजपा ने पहले जो वायदे किये थे उसे पूरा किया? इस पर चर्चा होनी चाहिए। क्या उन्होंने प्रत्येक बैंक खाताधारक को 15 लाख रुपये दिए? क्या भाजपा ने प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां पैदा की? क्या उन्होंने किसानों की आय दोगुनी कर दी और क्या उन्होंने मेक इन इंडिया किया? क्या अच्छे दिन आये? उन्होंने कहा कि बीजेपी का घोषणापत्र झूठ की गारंटी है और प्रधानमंत्री मोदी अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं, आज देश किसानों की आत्महत्या के मामले में नंबर एक बन गया है।



विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटियों से देश कि तस्वीर बदलेगी। कांग्रेस का घोषणा पत्र हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, युवा न्याय पर आधारित है। कांग्रेस का लक्ष्य किसानों के जीवन को खुशहाल बनाना है। किसानों के लिए अनेकों योजनाओं को धरातल पर उतारने से भारत की कृषि व्यवस्था में 'समृद्धि का सूरज' उगाने में सफलता मिलेगी। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि स्स्क को स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के तहत कानूनी दर्ज़ा देने की गारंटी भी कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में दी है। साथ ही किसानों के ऋण माफ़ करने और ऋण माफ़ी की राशि निर्धारित करने के लिए एक स्थायी 'कृषि ऋण माफ़ी आयोग' बनाने की गारंटी, बीमा योजना में परिवर्तन कर फसल का नुकसान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में भुगतान सुनिश्चित करने की गारंटी भी कांग्रेस ने दी है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि जनता ने भाजपा को 10 साल तक देश की सरकार चलाने का मौका दिया 750 किसानों की शहादत के बाद भी आज तक उन्हें फसलों की एमएसपी की गारंटी का कानून बनाकर नहीं दिया। 10 साल के शासन में न स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की, न ही किसानों की आमदनी को दोगुना किया। 10 साल से किसानों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए उन्हें आतंकी, कहने वाली भाजपा और उनके नेता अब किसानों से किए जा रहे वादों को भी भविष्य में कभी पूरा नहीं करेंगे, यह बात किसानों को समझ आ चुकी है।

# अनाज मंडी नूंह पहुंचे विधायक आफताब, मंत्री मूल चंद को फोन कर किसानों की समस्याओं से कराया अवगत

## मेडिकल कॉलेज के निदेशक संग बैठक कर मरीजों को सुविधाओं पर दिया जोर

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता व नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने मंगलवार को अनाज मंडी नूंह और शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्लहड पहुंचकर हालातों का जायजा लिया और सुधार के लिए कहा है। विधायक आफताब अहमद ने किसानों की परेशानियों को जाना, किसानों ने विधायक को बताया कि उनकी फसल का भुगतान नहीं किया जा रहा है और फसल उठान भी नहीं की गई है। इसका संज्ञान लेते हुए विधायक आफताब अहमद ने खाद्य आपूर्ति मंत्री मूल चंद शर्मा से मौके से ही फोन कर कहा कि किसानों का भुगतान तुरंत किया जाय और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाय। मंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि तुरंत समाधान किया जाएगा। विधायक आफताब अहमद मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर नाराज नजर आए। उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीते दो हफ्तों से गेंहू की फसल की उठान नहीं हुई है और ना ही भुगतान किया गया है। किसान अपनी फसल बेचने के लिए भी परेशानियों का सामना कर रहा है, ये दर्शाता है कि बीजेपी की सरकार किसानों को जानबूझकर तंग कर रही है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार दावा कर रही है कि 72 घंटे में फसल खरीद का भुगतान किसानों को किया जा रहा है लेकिन वास्तविकता ये है कि 2 हफ्तों के बाद भी किसान भुगतान के लिए परेशान हैं। पहले खाद- बीज़, बिजली और सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति बीजेपी सरकार नहीं कराती फिर फसल खरीद के पश्चात भुगतान के लिए तरसना पडता है।



विधायक आफताब अहमद ने कहा कि मंडी में गेंहू के उठान नहीं होने के कारण फसल सुरक्षित नहीं है अगर बारिश हुई तो सारी फसल बर्बाद हो सकती है जिससे किसान और आढ़तियों को आर्थिक नुकसान बिना वजह झेलना पड़ सकता है इसलिए अधिकारी इसे तुरंत उठान करा कर किसानों को उनकी कीमत दें। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों से बात कर इसका समाधान करने के लिए कहा है। इससे पूर्व सरसों की फसल खरीद में आई परेशानियों के समय भी विधायक आफताब अहमद मंडी पहुंचे और किसानों और आढ़तियों की समस्याएं को उठा कर समाधान कराया था। वहीँ दूसरी तरफ विधायक आफताब अहमद मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने निदेशक डॉ मुकेश, डाक्टरों के साथ साथ मरीजों से भी मिले और हालातों को सुधारने के लिए कहा है। विधायक आफताब अहमद की स्थाई निदेशक के साथ ये चौथी बैठक है जिसमें मेडिकल कॉलेज को रेफरल अस्पताल बनाने से बचाने के लिए बात हुई। विधायक ने कहा कि यहां से मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफरल करने का काम बंद होना चाहिए, आगे तभी भेजा जाय तब अति आवश्यक हो अन्यथा यहीं अच्छा उपचार किया जाना चाहिए। विधायक आफताब अहमद ने निदेशक से कहा कि जरूरी दवाओं–उपकरणों– टेस्टों का प्रबंध रखा जाय और जो सुविधा नहीं है उसे शुरू किया जाय या फिर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में फ़िलिहाल शुरू किया जाय। इसके लिए विधायक भी स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के संपर्क में हैं। विधायक ने मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना और समस्याएं सुनकर डाक्टरों से भी सही उपचार के लिए कहा है। निदेशक ने विधायक आफताब अहमद को आश्वासन दिया कि वो भरपूर कोशिश कर रहे हैं कि मरीजों के उपचार के लिए अच्छी वयवस्था कायम कर सकें।

# भगवान श्री रामप्रभु ने समाज में नैतिक, धार्मिक, सामाजिक व्यवस्था की सर्वोत्तम आदर्शों की स्थापना की: रजत जैन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भगवान श्री रामप्रभु का जन्मोत्सव दिवस चैत्र शुक्ल पक्ष रामनवमी पूर्ण श्रद्धा,आस्था, निष्ठा,लग्न,उमंग,उत्साह, भक्ति भाव का महोत्सव है। उक्त जानकारी सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व रामभक्त रजत जैन ने देते हुए बताया की भगवान श्री राम प्रभु ने समाज मे नैतिक ,धार्मिक ,सामाजिक व्यवस्था की सर्वोत्तम आदर्शों की स्थापना कर समाज को एक नई दिशा प्रदान की। उनके द्वारा स्थापित सामाजिक व धार्मिक व्यवस्था प्रत्येक प्राणी मात्र के जीवन के सद्मार्ग के पथ पर चलने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उनके द्वारा दिखाया गया सद्मार्ग प्राणी मात्र के आध्यातमिक व सामाजिक कल्याण का पथ हैं। रजत ने बताया श्री राम प्रभु असंख्य अनंत गुणों का अपार भंडार है। जिनकी गणना करना

**भगवान श्री रामप्रभु के द्वारा दिखाया गया सद्मार्ग प्राणिमात्र के आध्यात्मिक व सामाजिक कल्याण का पथ : रजत**

संभव ही नहीं असंभव है ।उनके गुणों को शब्दों की माला में पिरोया जाना असंभव है। फिर भी हम उन्हें पिरोने का प्रयास करते हैं। जैन ने बताया की उन्होंने धीर, वीर,शील ,गंभीर,तप, संयम, ज्ञान, धर्मरक्षक ,सत्य निष्ठा ,प्रेम,करुणा ,दया, सद्भावना, सहनशीलता ,सहयोग, चरित्र ,समर्पण,सेवाभाव , आदि गुणों, नियमों की पालनाकर,लोभ,मोह, माया ,लालच, अहंकार ,का त्यागकर अनेकों नियमों की पालनाकर जनमानस के



लिए सर्वोच्च आदर्श मर्यादा की स्थापना जनकल्याण के लिए श्री राम प्रभु ने की। उन्होंने बताया की राजा के लिए सदैव जनता का सुख दुख व राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है उन्होंने इसे प्रमाणित कर उत्तम राजधर्म का निर्वहन (निभाया) कर जनता के समक्ष एक उच्च राजधर्म की परिभाषा स्थापित की। वचन का जीवन में सर्वोच्च स्थान होता है इसके लिए उन्होंने पितृ भक्तिभाव के साथ अपने पिता के वचन के लिए राजपाट का त्याग कर वन जाना स्वीकार किया ।रजत ने बताया की श्री राम प्रभु किसी के प्रति भी मन में द्वेष भावना नहीं रखते थे। उन्होंने युद्ध से पहले रावण के पास भी शांतिदूत भेजा था। जो इसका प्रमाण है। किसी से भेदभाव नहीं करते थे, उन्होंने माता शबरी के झूठे बेर खाये व निषादराज से उनकी घनिष्ठ मित्रता थी। वे सदैव प्रत्येक प्राणी मात्र के प्रति दया, करुणा,प्रेमभाव रखते थे ।उन्होंने पक्षीराज जटायु की मृत्यु के उपरांत इनका पिता की भांति अंतिम संस्कार किया। जैन की प्राणिमात्र से अपील है की भगवान श्री राम प्रभु के द्वारा स्थापित आदर्शों को अपने जीवन में अनुसरण करने का संकल्प लेकर उनके द्वारा दिखाए गए आदर्शों पर आगे बढकर अपना धार्मिक, आध्यातमिक व सामाजिक कल्याण करें।

# प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए : अरुण यादव



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मंगलवार को नूह के जिला रेड क्रॉस भवन में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर का रिबन काटकर मुख्य अतिथि अरुण यादव प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया विभाग बीजेपी हरियाणा ने विधिवत उद्घाटन किया। अरुण यादव ने रक्तदान कर रहे सभी को बेज लगाकर उनका स्वागत किया। अरुण यादव का नूह रक्तदान शिविर में पहुंचने पर फूल मालाओं और बुके द्वारा जोरदार स्वागत किया गया ।रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट दिए। इस दौरान काफी युवाओ ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अरुण यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हम सभी एक नेक कार्य करने के लिए यहां आए हैं ताकि हमारी छोटी सा प्रयास किसी की जिंदगी को बचा सकता है। जीवन देना और लेना तो उसके हाथों में हैं लेकिन हमारा जीवन किसी के काम आ जाये इससे बढ़ कर इस जीवन में और कुछ नहीं हो सकता है। हम खुशनसीब हैं जो हमें यह सौभाग्य पर्याप्त हुआ है कि हम अपना रक्त दान कर किसी परिवार का चिराग बुझने से बचा सके। रक्तदान करने वाले महान आत्मा हैं जो दूसरों की जिंदगी को बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम आयोजक नदीम खान प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यकमोर्चा ने सभी का आभार जताया जिन्होंने हर विकट परिसथितियों में उत्थान के बारे में सोचा। कोरोना काल के दौरान जिस तरह से गली, मोहल्लों में जाकर जरूरतमंद लोगों की सहायता की है उसके लिए तहे दिल से आप सभी का उन्होंने धन्यवाद दिया ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जाहिद हुसैन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बीरपाल कालियाका भाजपा नेता, मीना ठाकुर उजीना,श्रीपाल शर्मा जिला महामंत्री, शारिक हुसैन युवा नेता,, रोहित सैनी प्रदेश सह संयोजक आईटी विभाग,, श्याम यादव सह संयोजक सोशल मीडिया,बलविंदर सिंह, जफरू रंगाला, बलजीत सिंह, समीर खान, हामिद खान, अंसूल गर्ग, आकिल, मुस्तफा, दीपक सतीजा, दीपक कुमार,नरेश सरपंच सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दुर्गाष्टमी पर भक्तजनों ने किया विधि पूर्वक कंजक पूजन

## कन्याओं का सदैव करें, मान सम्मान, आदर सत्कार



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** चैत्ररिय नवरात्रि में दुर्गाष्टमी के शुभावसर पर कन्याओं का विधि विधान से विधिवत पूजन किया ।कन्याओं की कमी की वजह से कंजको के पूजन के लिए भक्तजन परेशान नजर आए। ये पीड़ा उनके चेहरे पर स्पष्ट झलक रही थी ।कस्बा के बुजुर्ग नेमचंद गोयल मूलथानिया व सामाजिक सेवी रजत जैन ने बताया की नवरात्रि में कंजक पूजन का अपना विशेष धार्मिक महत्त्व है ।वैसे तो नवरात्रि के प्रत्येक दिन कंजकों का विधि विधान से पूजा अर्चना करनी चाहिए। लेकिन नवरात्रि के अष्टमी व नवमी में कंजकों का पूजन श्रेष्ठ बताया गया है ।इस दिन उपवास रखने वाले श्रद्धालु कंजकों का पूजन व भोग लगा कर अपने उपवास (व्रत) का पारण(पूर्ण) करते हैं ।नवरात्रि में भक्तजन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की भक्तिभाव,समर्पण भाव से उपासना करते हैं ।नौ कंजकों को नौ देवियों का प्रतिबिंब मानकर उनकी विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। अंत में कंजकों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लेते हैं ,उन्हें उपहार भेंट करते हैं ।देश व विश्व कल्याण की भावना के साथ, सुख,शान्ति, समृद्धि, उन्नति,खुशहाली की कामना के लिए प्रार्थना करते है।

समाजसेविका राधिका जैन ने बताया की नवरात्रि के शुभावसर पर जनता को पहल कर जनता को जागरूक करना चाहिए की वो गर्भ में ही कन्याओं की भ्रूण हत्या जैसे जघन्य महापाप, अपराध से बचना चाहिए। कन्याओं के महत्व के बारे में समझाना चाहिए। कन्याओं को सुशिक्षित,संस्कारवान,विवेकशील, आत्मनिर्भर ,स्वावलंबी, बनाना चाहिए। यही माँ शक्ति की सच्ची भक्ति होगी। माता रानी की सच्ची भक्ति व आराधना होगी। प्रतीक कन्याओं का पूरा मान, सम्मान,आदर, सत्कार, करें ।माता रानी की पूजा अर्चना सार्थक सिद्ध होगी ।माता रानी भी पूर्णरुप से प्रशन्न होगी। कस्बा के श्री दुर्गा मंदिर पथवारी, श्री शीतला माता मंदिर ,श्री शिव मंदिर बगीची आदि मंदिरो भक्तजनों की पूजा अर्चना के लिए काफी संख्या में उपसथिति रही ।नगीना के अतिरिक्त खंड के गांव जाटका, उलेटा, भादस, नांगल मुबारिकपुर,नंगला साबत, साटावाडी,करहेड़ा,मूलथान, मांडीखेडा,आदि गांवों में दुर्गाष्टमी के शुभावसर पर विधि विधान के साथ कंजक पूजन किया गया।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक अरुण यादव ने नूंह झिर कमल से लॉन्च किया लोकसभा चुनाव का मेवाती थीम गाना

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मंगलवार को नूंह झिरकमल कार्यालय में एक मेवाती बोली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए लोकसभा चुनाव के लिए मेवाती बोली में एक गाना लॉन्च किया गया। इस गाने के सारे बोल मेवाती बोली में है।

मोदी के लिए हिंदी और हरियाणवी सॉन्ग बहुत हैं। लेकिन मेवाती बोली में मोदी के लिए पहली बार सॉन्ग तैयार किया गया है। सॉन्ग की लांचिंग में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक अरुण यादव, भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन, जिला महामंत्री श्रीपाल शर्मा ने लैपटॉप पर क्लिक कर लॉन्च किया और इस मेवाती सोंग को नदीम खान ने तैयार कराया।इसके लिए उनका सभी ने आभार प्रकट किया।इस अवसर पर बीरपाल कालियाका भाजपा नेता,रोहित सैनी प्रदेश सह संयोजक आईटी विभाग,, श्याम यादव सह संयोजक सोशल मीडिया, बलविंदर सिंह, सतीष शर्मा, नवीन यादव, समीर खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# चुनाव में नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापना वर्जित : धीरेंद्र खडग़टा

**किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन से संबंधित प्रकाशन गैर कानूनी व एमसीसी का उल्लंघन माना जाएगा**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया है कि जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिक इस बात का ध्यान रखें कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरुद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है, इसलिए यह जरूरी है कि उनके पम्पलेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब किताब रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि उसी स्थिति में छापें जब सामग्री छपवाने वाला व्यक्ति हलफनामे के साथ दो गवाह दें और उनके हस्ताक्षर लेने जरूरी हैं। ऐसे पोस्टर व पम्पलेट आदि छापने के बाद उनकी एक कॉपी जिला मजिस्ट्रेट को भेजनी होगी और राज्य स्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारी को कॉपी भेजकर यह बताना होगा कि अमूक व्यक्ति ने चुनाव से संबंधित कितनी संख्या में पोस्टर अथवा पम्पलेट छपवाए हैं और उनके खर्च का भी विवरण देना होगा। उन्होंने कहा कि कॉपी से कॉपी करना भी इसी श्रेणी में आता है। चुनाव पम्पलेट/पोस्टर का अर्थ प्रचार के लिए प्रयोग किए जाने वाले उन सभी कागजातों से है, जिनमें किसी भी राजनैतिक दल या लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार से संबंधित प्रचार की जानकारी हो। उन्होंने बताया कि छपाई दस्तावेज पर किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन का प्रकाशन गैर कानूनी होगा और इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। दोषी पाए जाने पर प्रकाशन व छपवाई करवाने वाले के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के अनुसार छह माह की कैद या दो हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनो का प्रावधान है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि इस अधिनियम के तहत कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुर्सतिका के पोस्टर, जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता नहीं है तो वह मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा। उपायुक्त ने प्रिंटिंग प्रैस मालिकों व प्रिंटर्स से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री की छपाई न करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही प्रचार सामग्री की छपाई करें अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करते हुए जिला में लोकसभा चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार : समय सिंह भाटी

## दस सालों में भाजपा ने अपने सभी चुनावी वादों को किया पूरा : भाटी

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारत देश का नाम आज दुनिया में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया में एक शक्तिशाली देश बनकर उभरा है। उक्त बातें मेवात जिले के भाजपा प्रभारी समय सिंह भाटी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस दौरान उनके साथ भाजपा के दर्जन भर नेता भी मौजूद रहे।

समय सिंह भाटी ने कहा कि 2014 में भाजपा ने जो भी वादे देश की जनता से किए थे, उन सभी वादों को पूरा करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि अब 2024 के संकल्प पत्र में सभी बातों को पूरा करने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश में हर जगह नए नए रोड़ बनाने का काम किया गया है। इतना ही नहीं आज जहां गरीबों को राशन देने का वादा भी भाजपा ने किया है वहीं हर घर बिजली और पानी पहुंचाने का काम भी भाजपा सरकार में किया जा रहा है। समय सिंह भाटी ने कहा कि पहले अनाज मंडियों में गेंहू और धान की दो ही फ़सल खरीदी जाती थी। लेकिन अब किसानों की सभी फसलों को हरियाणा सरकार द्वारा खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की 47 साल सरकार रही लेकिन कांग्रेस ने जो 47 सालों में नहीं किया वो भाजपा ने देश और प्रदेश में 10 सालों में करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां देश में वंदे भारत ट्रेन चलाने का काम किया है वहीं देश में बुलेट ट्रेन चलाने की भी योजना बनाई जा रही है। पहले की सरकारों में जहां देश के अन्दर 1 से 5 किलोमीटर तक प्रतिदिन सड़कें बनती थीं वहीं अब देश में 28 से 30 किलोमीटर तक प्रतिदिन सड़कें बन रहीं हैं। मेवात जिले के भाजपा प्रभारी समय सिंह भाटी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार जाने का काम करेगी। देश में आज भाजपा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। देश की जनता अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करने लगी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी कांग्रेस को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं, जबकि भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की सूची बहुत पहले जारी कर दी है। जिससे पता चलता है कि हरियाणा में जहां भाजपा सभी दस लोकसभा सीटों को जीत रही है वहीं करनाल से विधानसभा उपचुनाव को भी भारी वोटों से जीतने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जहां देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की देश के अंदर तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। वहीं हरियाणा में भी आगामी विधानसभा चुनाव में तीसरी बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी।



# 26 पेटी अवैध देशी शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सीआईए तावडू प्रभारी निरीक्षक सुभाष ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए स्टाफ में तैनात प्रधान सिपाही दिनेश अपनी टीम के साथ गस्त में झामुवास मोड, तावडू-बिलासपुर रोड पर मौजूद था। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई की बलबीर उर्फ छल्ला पुत्र सुरजभान निवासी कासन जिला गुरुग्राम अवैध शराब बेचने का धंधा करता है और आज अपनी स्विफ्ट गाडी में अवैध देशी शराब भरकर अपने गांव कासम की तरफ कलवाडी से हसनपुर होता हुआ जायेगा। सूचना के आधार पर टीम द्वारा उपरोक्त स्थान पर नाकाबन्दी शुरू की गई। जो कुछ समय बाद उक्त गाडी आती हुई दिखाई दी, जिसको पुलिस टीम ने रोककर चालक को काबू किया। चालक का नाम पता पुछा तो चालक ने अपना नाम बलबीर उर्फ छल्ला उपरोक्त बतलाया। नियमानुसार गाडी की तलाशी लेने पर गाड़ी में देशी शराब की कुल 26 पेटी (325 बोतल) अवैध शराब भरी हुई थी। गाड़ी चालक से कागजात मांगने पर चालक ने बरामद शराब के सम्बंध में कोई कागजात पेश नहीं किये। पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर थाना सदर तावडू में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मुकदमा में स्विफ्ट कार चालक बलबीर उर्फ छल्ला उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में उप-निरीक्षक पवन, प्रभारी एवीटी स्टाफ रोजकामेव के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना भिवाडी (राजस्थान) के करीब 13 वर्ष से हत्या के मामले में फरार चल रहे 1,000 रुपये के ईनामी बदमाश सकील पुत्र लीला निवासी शाहपुर नंगली थाना शहर नूंह को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है । सकील उपरोक्त की गिरफ्तारी की सूचना संबनधित थाना पुलिस को दी गई।

इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में उप-निरीक्षक पवन, प्रभारी एवीटी स्टाफ रोजकामेव के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना खैरथल जिला अलवर (राजस्थान) से हत्या के प्रयास में करीब 09 वर्ष से फरार उद्घघोषित अपराधी बाबूद्दीन पुत्र सरफूद्दीन निवासी घासेडा थाना सदर नूंह, जिला नूंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । आरोपी राजस्थान पुलिस की अति-वांछित श्रेणी में शामिल था । आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना संबनधित थाना पुलिस को दी गई।

इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में उप-निरीक्षक पवन, प्रभारी एवीटी स्टाफ रोजकामेव के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना पाली जिला अलवर (राजस्थान) से अपहरण व दुष्कर्म के मामले में वांछित व उद्घघोषित अपराधी खालिद पुत्र महमूद निवासी फिरोजपुर झिरका को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी राजस्थान पुलिस का उद्घघोषित अपराधी व अति-वांछित श्रेणी में शामिल था । आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना संबनधित थाना पुलिस को दी गई।

इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में उप-निरीक्षक पवन, प्रभारी एवीटी स्टाफ रोजकामेव के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना टपूकड़ा (राजस्थान) से दुर्घटना के मामले में करीब 28 वर्ष से वांछित व उद्घघोषित अपराधी सोहराब पुत्र नूर मौहम्मद निवासी सांचोली जिला गुरुग्राम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी राजस्थान पुलिस के उद्घघोषित अपराधी की श्रेणी में शामिल था। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना संबनधित थाना पुलिस को दी गई।

# 25 मई को लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता करे अपने मताधिकार का प्रयोग : एसडीएम संजीव कुमार

**एसडीएम ने राजकीय महाविद्यालय बिसर अकबरपुर, तावडू में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता शपथ दिलाई**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपमंडल अधिकारी (ना.) तावडू संजीव कुमार ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय बिसर अकबरपुर, तावडू में स्वीप गतिविधियों के तहत 25 मई को मतदान के दिन मजबूत लोकतंत्र के गठन में अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सही मायने में जिंदा रखना और मतदान करना हर नागरिक का अधिकार है। इस लोकतंत्र के पर्व में हमें 100 प्रतिशत मतदान की ओर बढना है। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई कि वे 25 मई को लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की मर्यादा अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा के अनुसार धर्म, जाति, समुदाय, भाषा व अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का अवश्य प्रयोग करेंगे तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अगर किसी व्यक्ति की अभी भी वोट नहीं बनी है तो वह वोटर हेल्प लाइन एप या फिर बीएलओ के माध्यम से वोट बनवा सकता है। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में है परंतु एपिक कार्ड नहीं है तो आयोग द्वारा दर्शाए गए अन्य 12 प्रकार के आई कार्ड से भी वे मतदान कर सकते हैं।

उन्होंने सभी से 25 मई 2024 को अपने घरों से निकलकर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के गठन में आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। हर जिम्मेदार एवं पढ़े-लिखे नागरिक के लिए मतदान करना उनका कर्तव्य है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसीपल अनिल कुमार भी मौजूद थे।

# सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध हों बुनियादी सुविधाएं : जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार जिला के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी सभी बूथों पर इन सुविधाओं का निरीक्षण भी अवश्य कर लें।

जिला निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, चुनाव के प्रबंधों व तैयारियों से जुड़े अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जो भी रिपोर्ट मांगी जा रही हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट भिजवाई जाए। चुनाव संबंधी सभी तैयारियां व प्रबंध समयबद्ध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के साथ-साथ पोलिंग पार्टियों को भी बुनियादी सुविधाओं की जरूरत रहेगी, वे सभी आवश्यक सुविधाएं जल्द से जल्द पूरी करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर बिजली-पानी की व्यवस्था हो। दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की सुविधा हो। बूथ पर पंखा, बल्ब जैसी सुविधाएं अवश्य हों। वेबकास्टिंग के लिए इंटरनेट व बिजली की बैकअप व्यवस्था अवश्य हो। मतदान केंद्रों पर एक दिन पहले पहुंचने वाली पोलिंग पार्टियों के लिए रूकने आदि की व्यवस्था हो। मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टियों व मतदान एजेंटों के लिए आवश्यकतानुसार फर्नीचर जैसे टेबल, कुर्सियां व बेंच आदि की उचित व्यवस्थाएं हो। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मतदान कक्ष के अंदर पर्याप्त रोशनी हो तथा बिजली के कनेक्शन, स्विच, बल्ब, पंखे आदि चालू स्थिति में हों। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार, जीएम रोडवेज एकता चोपड़ा, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मीनारायण, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, सीटीएम अशोक कुमार, जिला राजस्व अधिकारी जोगेंद्र शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नवरात्रों के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर शांति एवं सद्भावना के लिए इंडरी खंड के ग्राम छछैड़ा में हवन एवं सत्संग का आयोजन किया गया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नवरात्रों के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर शांति एवं सद्भावना के लिए इंडरी खंड के ग्राम छछैड़ा में हवन एवं सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य राजेश ने कहा हमें अपने माता-पिता, गुरु, अतिथि और परमात्मा का यथायोग्य सम्मान और सेवा करनी चाहिए। ईश्वर एक है हम उसे अनेक नाम से जानते हैं। ईश्वर का मुख्य और निज नाम ओम है। उन्होंने बताया सत्संग सुनने और करने से व्यक्ति के अंदर के राग-द्वेष, लोभ- लालच, कलेश आदि दूर हो जाते हैं मन अच्छे कामों की ओर प्रेरित रहता है।



आचार्य राजेश ने कहा सत्संग वह पारसमणी है जो लोहे को सोना बना देती है सत्संग से व्यक्ति महान बन जाता है अच्छे पुरुषों का संग व्यक्ति को महान बना देता है। जैसे पुष्प के संपर्क में आने से कीट पतंग भी महापुरुषों के सिर पर विराजमान हो जाते हैं। सत्संग में आचार्य राजेश ने कहा गायत्री मंत्र महामंत्र बताया गया हमारे ऋषि मुनियों ने वेद शास्त्रों में गायत्री मंत्र की महिमा बताई गई है वेद का मंत्र गायत्री संपूर्ण कामनाओं को करने के लिए बुद्धि को अच्छी बनाने के लिए प्रेरणा देता है इस अवसर पर निर्मल भगत जी कविता राधा गजेंद्र हर्ष करण सिंह गोवर्धन मुक्तियारी सुमन अन्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

